दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 57
कोटद्वार रविवार
18 जून 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## बेहतर तालमेल से जिंदगियां बचाईं, नुकसान भी कम हुआ: अमित शाह

**अहमदाबाद, एजेंसी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 'बिपरजॉय' से प्रभावित इलाकों की स्थिति का जायजा लेने के लिए भुज में कलेक्टर कार्यालय में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि चक्रवात के कारण एक भी हताहत नहीं हुआ। जिस तरह से गुजरात सरकार और केंद्रीय एजेंसियों ने इस दौरान जीवन की रक्षा के लिए काम किया है, वह टीम वर्क का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समीक्षा बैठक रखी थी, जिसमें तंत्र को सतर्क करने के लिए अलग-अलग बैठक, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और सूचनाओं को आदन प्रदान हुआ था। केंद्र और राज्य के बेहतर तालमेल की वजह से हम भयानक तूफान का मुकाबला कर पाए। 140 किमी की रफ्तार के साथ चक्रवात जब तट से टकराता है, तो साचिए कितना भयावह मंजर रहा होगा। बड़ी बात यह है कि तीसरे दिन जब इसकी समीक्षा करते हैं तब पता चलता है कि एक भी व्यक्ति की जान नहीं गई है, तब काम करने का संतोष होता है।शाह ने बताया कि चक्रवात बिपरजॉय के कारण करीब 47 लोग घायल हुए, लेकिन उनमें से कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं है। चक्रवात के दौरान लगभग 234 जानवरों की मौत हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चक्रवात के दस्तक देने से पहले सभी इंतजाम करने का आदेश दिया था।

# यूपी में होगा ब्रह्मोस-ड्रोन का निर्माण, विदेशी आयात पर घटेगी निर्भरता: रक्षामंत्री

**लखनऊ एजेंसी।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के डिफेंस कॉरिडोर में न केवल नट-बोल्ट बल्कि ब्रह्मोस मिसाइल और ड्रोन जैसे उत्पादों का भी निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'यूपी डिफेंस कॉरिडोर में न केवल नट और बोल्ट या स्पेयर पार्ट्स का निर्माण किया जाएगा, (बल्कि) ड्रोन, यूएवी, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध (सिस्टम), विमान और ब्रह्मोस मिसाइलों का भी निर्माण और



संयोजन किया जाएगा।' राजनाथ शनिवार को लखनऊ में आयोजित 'आत्मनिर्भर भारत' कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी) का निर्माण भारत की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, जिसका उद्देश्य भारतीय एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्रों में होने वाले विदेशी आयात पर निर्भरता को कम करना है। हाल ही में, भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइलों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा था कि इन मिसाइलों को भारत की मारक क्षमता में शामिल कर लिया गया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि तमिलनाडु की तरह उत्तर प्रदेश में भी रक्षा क्षेत्र में होने वाले निर्माणों के लिए एक सक्रिय माहौल बनाने की तैयारी की जा रही है।

उन्होंने कहा, 'मुझे बताया गया है कि यूपी डिफेंस कॉरिडोर के लिए करीब 1700 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित करने की योजना है। इसमें से 95 प्रतिशत से अधिक भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है'। रक्षा मंत्री के अनुसार, विभिन्न संस्थाओं द्वारा यूपीडीआईसी में लगभग 2,500 करोड़ रुपये का निवेश पहले ही किया जा चुका है। यूपीडीआईसी ने 2018 में अलीगढ़ में आयोजित एक बैठक में रक्षा उत्पादन में 3,700 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की घोषणा के साथ एक उत्साहजनक शुरुआत की है।

राजनाथ सिंह ने कहा, '1971 के युद्ध के दौरान जब हमें उपकरणों की सबसे ज्यादा जरूरत थी तो हमें मना कर दिया गया

हमें विकल्प तलाशने थे। मैं उन देशों का नाम नहीं लेना चाहता, जिन्होंने हमारे अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। इसी तरह जब हमारे सशस्त्र बलों को साजो-सामान की सख्त जरूरत महसूस हुई तो वे देश हमें शांति का पाठ पढ़ा रहे थे। जो परंपरागत रूप से हमें हथियार सप्लाई करते थे, उन्होंने भी मना कर दिया'। उन्होंने कहा कि इसलिए तेजी से बदलती दुनिया में आत्मनिर्भरता भारत के लिए कोई विकल्प नहीं, बल्कि एक आवश्यकता है।

अरब सागर के चक्रवात से गुजरात और राजस्थान के कुछ हिस्सों में क्षति अवश्य हुई है लेकिन दूसरा पहलू है कि धान की खेती के लिए यह वरदान साबित होने वाला है।गर्मी से झुलस रहे बिहार एवं पूर्वी यूपी की फसलों को 20 जून से राहत मिलने की उम्मीद है।

## केदारनाथ आने वाले यात्रियों की संख्या घटी

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम की यात्रा पर अब प्रतिदिन दर्शन करने वाले यात्रियों की संख्या में थोड़ा कमी आने लगी है। 20 हजार से ऊपर रहने वाली यात्री संख्या अब 15 हजार से कम होने लगी है। हालांकि गर्मियों की छुट्टियों के बाद स्कूल खुलने और बरसाती मौसम के शुरू होने के वक्त यात्री संख्या में कमी आ जाती है। भगवान केदारनाथ की यात्रा पर हर साल बड़ी संख्या में तीर्थयात्री दर्शनों को पहुंचते हैं। इस बार 25 अप्रैल को बाबा केदार के कपाट खुलने के बाद अब तक कुल 958841 तीर्थयात्री भगवान आशुतोष के दर्शन कर चुके है। केदारनाथ धाम की यात्रा के प्रति यात्रियों में जोरदार उत्साह है। हालांकि अब केदारनाथ में प्रतिदिन दर्शन करने वाले यात्रियों की संख्या में हल्की कमी आने लगी है। आंकड़े बता रहे हैं कि 20 हजार प्रतिदिन दर्शन करने वाले यात्रियों की संख्या अब 15 हजार या उससे कम होने लगी है। बीते 13 जून को केदारनाथ धाम में 21169 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए। जबकि 14 जून को यह संख्या 15327 हो गई। 15 जून को केदारनाथ धाम में 14602 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए। जबकि 16 जून को केदारनाथ में 13807 तीर्थयात्री ही दर्शनों को पहुंचे। इन आंकड़ों के हिसाब से केदारनाथ यात्रा में प्रतिदिन दर्शन करने वाले यात्री संख्या में कमी आने लगी है। बीकेटीसी के कार्याधिकारी आरसी तिवारी ने बताया कि हर साल 15 मई से 15 जून तक यात्रा काफी तेज चलती है किंतु इसके बाद थोडा कमी आने लगती है। हालांकि इस बार भी रिकार्ड यात्री बाबा केदार के दर्शन करेंगे।

# सीएम ने किया पर्वतीय जनपदों में निर्मित 55 पुलों का लोकार्पण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में हेस्को और आईसीआईसीआई फाउण्डेशन के माध्यम से राज्य के पर्वतीय जनपदों के गांवों में निर्मित 55 पुलों का वर्चुअल लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि में हेस्को और आईसीआईसीआई फाउण्डेशन के सहयोग से बनाये गये इन 55 पुलों से हमारे सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों को काफी फायदा होगा। ये पुल लाखों लोगों के आवागमन के माध्यम बनेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाला राज्य है। आपदा की दृष्टि से भी राज्य संवेदनशील है। मानसून अवधि में पहाड़ में जनजीवन बहुत प्रभावित होता है। पर्वतीय क्षेत्रों में लोगों के जन जीवन को सामान्य करने की दिशा



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वर्चुअल के माध्यम से कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए।

में हेस्को ने आईसीआईसी फाउंडेशन के साथ मिलकर सराहनीय पहल की है।

कार्यक्रम में वर्चुवल माध्यम से जुड़े भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा के लिए सरकार की भागीदारी से हेस्को एवं आईसीआईसीआई फाउंडेशन द्वारा यह सराहनीय प्रयास किया गया है।

उन्होंने कहा कि दूरस्थ पर्वतीय जनपदों में बनाये गये इन पुलों से वहां के आम जनमानस के जीवन को आसान बनाने में काफी मदद मिलेगी। कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों के लिए इस तरह की पहल लगातार होनी चाहिए। अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे कार्य होने चाहिए।

राज्य को पीएसए कार्यालय से जो भी सहयोग की आवश्यकता होगी, जितना संभव होगा सहयोग दिया जायेगा। हेस्को के संस्थापक एवं पद्म भूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने कहा कि आपदा के समय दुर्गम क्षेत्रों के गांवों में सम्पर्क मार्गों की सबसे अधिक समस्या आती है। ऐसे क्षेत्रों में लोगों राहत देने के उद्देश्य से हेस्को एवं आईसीआईसीआई फाउंडेशन द्वारा सरकार को सहयोग देने के प्रयास किये गये हैं।पिछले साल भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा 15 पुलों का लोकार्पण किया गया था। पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों को इन पुलों के बनने से काफी मदद मिल रही है। आईसीआईसीआई फाउण्डेशन के चीफ ऑपरेटिंग

### आपदा की दृष्टि से राज्य संवेदनशील

ऑफिसर अनुज अग्रवाल ने कहा कि फाउण्डेशन द्वारा राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलों का निर्माण किया गया है।

पर्वतीय क्षेत्रों में लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सके इसके लिए आगे भी सहयोग दिया जायेगा। सामाजिक सरोकारों एवं जनहित में कार्य करने के फाउंडेशन द्वारा प्रयास किये जाते रहे हैं। इस अवसर पर महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत, फिल्म एवं कला जगत से जुड़ी श्रीमती हिमानी शिवपुरी, आईसीआईसीआई फाउंडेशन से अभय शर्मा एवं वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी जुड़े थे।



# जिले में किसी भी प्रकार से मादक पदार्थ की बिक्री न हो : डीएम



जयन्त प्रतिनधि। रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में जनपद स्तरीय नारकोटिक्स को-आर्डिनेशन की गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनपद में किसी भी प्रकार से मादक पदार्थ की बिक्री न हो, सभी मेडिकल स्टोरों में सीसीटीवी कैमरे लगे हो। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए है कि विद्यालयों, कॉलेजों व शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर की परिधि में तम्बाकू, सिगरेट, गुटखा जैसे पदार्थों की बिक्री होने के सम्बन्ध में संयुक्त छापेमारी की जाए व ऐसा करने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने ड्रग्स निरीक्षक की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए स्वास्थ्य विभाग व पुलिस विभाग द्वारा जनपद में स्थित मेडिकल स्टोर इत्यादि पर छापेमारी व चेकिंग की जाय। जिलाधिकारी ने जनपद स्तर पर अवैध ढंग से हो रही खेती के सम्बन्ध में सूचना गोपनीय तरीके से जनपद की स्थानीय अभिसूचना इकाई से कराए जाने, चारधाम यात्रा अवधि में नशे का परिवहन होने के दृष्टिगत रैण्डम चेकिंग कराए जाने के निर्देश दिए। साथ ही जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि मादक पदार्थ के नियंत्रण के लिए व्यापक स्तर पर जन जागरूकता अभियान एवं गोष्ठी का आयोजन करते हुए लोगों को जागरूक करें।

गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने बताया कि पुलिस विभाग के स्तर से निरन्तर जन जागरुकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। वर्तमान में प्रचलित श्री केदारनाथ धाम यात्रा व विद्यालयों के बन्द रहने के चलते पुलिस विभाग के स्तर से सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से भी जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। वर्तमान समय में 12 से 26 जून तक ''नशे से आजादी'' पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। पुलिस विभाग के स्तर से नारकोटिक्स पदार्थों की धर-पकड़ हेतु निरन्तर चेकिंग इत्यादि की जा रही है।



## सड़क निर्माण के लिए प्रदर्शन किया

ऋषिकेश। न्याय पंचायत रानीपोखरी में ग्राम पंचायत बड़कोट के डांडी झीलवाला में सड़क निर्माण के लिए ग्रामीणों ने दूसरे दिन भी प्रदर्शनकर धरना दिया। उन्होंने सड़क निर्माण जल्द शुरू न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी भी दी। शनिवार को रानीपोखरी ग्राम प्रधान सुधीर रतूड़ी, अनिल कुमार और कांग्रेस नगर अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह करतार ने भी धरने को अपना समर्थन दिया। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा की सड़क बनाने के लिए कई बार शासन—प्रशासन को ज्ञापन दे चुके हैं। आरोप लगाया कि डोईवाला विधायक को भी समस्या से कई बार अवगत कराया जा चुका है। लेकिन समस्या का निदान अभी तक नहीं हो पाया है। चेताया कि अगर सड़क निर्माण जल्द शुरू नहीं किया गया तो वह आमरण अनशन को बाध्य होंगे। प्रदर्शनकारियों में राजेश भट्ट, कमल राणा, विमला देवी, विक्रम जसवाल, संजय सिंह, वीरेंद्र गुसाईं, कुंवर सिंह, आनंद बेलवाल, अनूप, राजेंद्र सिंह रावत, अंकित कृषाली, मोहित, जयेंद्र सिंह, रघुवीर सिंह, पुष्कर कैंतूरा, सुशील कुमार, हर्षमणि भट्ट, विशाल सिंह राणा, सुरेंद्र सिंह सजवान, संगीता, विजयलक्ष्मी भट्ट, रजनी राणा, सुनीता देवी, बिचना देवी, गीता रावत, मालती रावत, गुड्डी देवी, आदि मौजूद रहे।

## शिक्षा सचिव के बयान पर अशासकीय विद्यालय प्रबंधन आक्रोश में

नई टिहरी : अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के अनुदान बंद किए जाने सम्बन्धी शिक्षा सचिव के बयान पर अशासकीय विद्यालय प्रबंधन भड़क गया है। अशासकीय विद्यालयों की प्रबन्ध समिति के प्रबन्धकों, अध्यक्षों, प्रधानाचार्यों, शिक्षकों, कर्मचारी के साथ ही उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद टिहरी गढ़वाल ने कड़ा विरोध जताया है। शनिवार को शिक्षा सचिव के दिये गए व समाचार पत्रों में छपे बयान पर जनपद टिहरी गढ़वाल के अशासकीय विद्यालयों में कड़ा रोष देखने को मिला। बयान पर उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद टिहरी गढ़वाल के जिलाध्यक्ष महादेव मैठाणी ने कहा कि अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय निरन्तर दुर्गम क्षेत्रो में अपने निजी संसाधनों से बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। उस वर्ग के छात्रों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं, जो शहरी क्षेत्रों में जाकर अपने बच्चों को पढ़ाने में असमर्थ हैं। यह विद्यालय शिक्षा के अभाव से ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे पलायन को भी रोकने का काम कर रहे हैं। लेकिन विभागीय अधिकारी इन विद्यालयों के खिलाफ लगातार षडयंत्र किए जा रहे हैं। इन विद्यालयों में कड़ी मेहनत कर उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षकों का एवं छात्र—छात्राओं का मनोबल गिराने का काम किया जा रहा है। जबकि ये विद्यालय सरकार के सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों एवं निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हैं। सरकार इन विद्यालयों के शिक्षकों एवं छात्रों को राजकीय कार्मिकों की भांति सभी सुविधायें नहीं देती है। जो कि इनके साथ सौतेला व्यवहार है। मानकों के नाम पर इन विद्यालयों का उत्पीड़न करने की साजिश की जा रही है। साजिश के तहत इन विद्यालयों के शिक्षक—कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया को भी रोक के रखा गया है। जबकि सरकारी विद्यालयों पूरी ताकत झोंकने के बाद भी मानक पूरे नहीं होते हैं।

## कांग्रेस ने सोने की परत मामले की न्यायिक जांच की मांग उठाई

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ मंदिर के गर्भ गृह में लगी तांबे की प्लेटों से सोने की परत हटने के मामले में कांग्रेस ने मामले की न्यायिक जांच की मांग की है।

कांग्रेस के प्रदेश सचिव लक्ष्मण सिंह रावत ने कहा कि इस प्रकरण की न्यायिक जांच की जानी चाहिए। ताकि सच्चाई सामने आ सके। यदि कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन करने को बाध्य होना पड़ेगा। गढ़वाल विवि श्रीनगर के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष एवं कांग्रेस के प्रदेश सचिव लक्ष्मण सिंह रावत ने कहा कि बाबा केदारनाथ में इस घटना से करोड़ो सनातनियों की भावनाएं आहत हुई हैं।

## रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया



नई टिहरी : स्वच्छता सप्ताह के तहत नगर पालिका और नगर पंचायतों के कर्मचारियों ने जगह-जगह सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। नगर पालिका देवप्रयाग में वार्ड एक से वार्ड संख्या तीन के दीनदयाल पार्क, संगम और बस स्टैंड तक सिगंल यूज प्लास्टिक को पूर्ण रुप से प्रतिबधिंत करने के साथ जागरुकता रैली के स्वच्छता अभियान चलाया। नगर पंचायत गजा में व्यापार मंडल, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग और नपं कर्मचारियों ने गजा बाजार में स्वच्छता रैली के साथ कस्बे के विभिन्न मार्गों पर सफाई अभियान चलाकर लोगों को सफाई के प्रति जागरुक किया। उधर नगर पंचायत लंबगांव में व्यापार मंडल ने नपं कर्मचारियों ने महेड़ दवेता मंदिर से प्रतापनगर सड़क तिराहे तक रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। व्यापारियों और लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के साथ नगर को स्वच्छ रखने का आह्वान किया। इस मौके पर व्यापार मंडलध्यक्ष युद्धवीर राणा, देवी सिंह पंवार, ईओ हयात सिंह रौतेला, सौरभ रावत,नपं अध्यक्ष मीना खाती, ईओ हरेंद्र चौहान, विनोद चौहान, नगर पालिकाध्यक्ष केके कोटियाल, सुनिता ध्यानी, राजेन्द्र खाती, कुंवर चौहान, नवीन नौटियाल, यशपाल चौहान आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## एक नजर

### जी-20 सम्मेलन को लेकर प्रशासन एक बार फिर सक्रिय

नई टिहरी : जी-20 सम्मेलन के तहत आगामी 26 से 28 जून को नरेन्द्रनगर में आयोजित होने वाली इंफ्रास्टक्चर वर्किंग ग्रुप (आईडब्ल्यूजी) की बैठक की तैयारियों को लेकर प्रशासन एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौके पर जाकर डीएम व सीडीओ ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम डा. सौरभ गहरवार ने सीडीओ मनीष कुमार व संबंधित अधिकारियों के साथ ढालवाला, भ्रदकाली, मुनि की रेती आदि क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर जी-20 की तैयारी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने भद्रकाली में संबंधित अधिकारियों को साइनेज पोल, रेलिंग पर पेंटिंग करने, इओ नगरपालिका मुनि की रेती को अनावश्यक झूलती तार, पोल, बोर्ड को हटाने, रोड के किनारे मरम्मत के कार्य करने, स्ट्रीट लाइट सुव्यवस्थित करने, साफ—सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनपद क्षेत्रान्तर्गत नरेन्द्रनगर में आगामी 26 से 28 जून को इन्फ्रास्टक्चर वर्किंग ग्रुप की बैठक आयोजित की जानी है। जिसमें आईडब्ल्यूजी के सदस्य देशों, अतिथि राष्ट्रों और अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक में बुनियादी ढांचे में निवेश के विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श किया जायेगा। इस दौरान एसडीएम नरेन्द्रनगर देवेन्द्र नेगी, ईई लोनिवि आशुतोष, ईओ मुनिकीरेती तनवीर आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने का संदेश दिया

रुद्रप्रयाग : स्वच्छता सप्ताह को लेकर स्वयं सहायता समूह एवं नगर पालिका टीम द्वारा नगर में जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने का संदेश दिया। हर व्यक्ति को नगर की स्वच्छता बनाए रखने के लिए अपने स्तर से भी नई पहल का आह्वान किया गया।

शनिवार सुबह नगर पालिका के पर्यावरण मित्रों ने स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के साथ स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। रुद्रा बैंड से शुरू हुई रैली पेट्रोल पंप तक पहुंची।

## डोईवाला में स्वच्छता के लिए निकाली जागरूकता रैली



ऋषिकेश। डोईवाला में हाईकोर्ट और जिला जज के निर्देश पर सफाई अभियान सप्ताह मनाया जा रहा है। शनिवार सुबह जनता जागरूक रैली का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुये। शनिवार को तहसील से आरंभ रैली में सिविल जज डोईवाला मीनाक्षी दुबे के साथ कोर्ट कर्मचारी, परवादून बार एसोसिएशन, व्यापार मंडल, डोईवाला पुलिस, फॉरेस्ट विभाग, नगरपालिका डोईवाला तथा तहसील प्रशासन के अलावा क्षेत्रवासियों ने रैली में भाग लिया। रैली का उद्देश्य जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। रैली डोईवाला तहसील से शुरू होकर मिस्सरवाला, चांदमारी, प्रेमनगर बाजार, डोईवाला चौक होते हुए ऋषिकेश सॉन्ग नदी पुल पर समाप्त हुई। सिविल जज मीनाक्षी दुबे ने लोगों से कूड़ा कूड़ेदान में डालने की अपील की। उपजिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने कहा की स्वच्छता के लिए लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिस प्रकार से आज प्रदूषण बढ़ता जा रहा है, वृक्षारोपण करने की जरूरत है। परवादून बार एसोसिएशन के सचिव मनोहर सिंह सैनी ने कहा के लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। संडे को भी डोईवाला क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी उत्तम सिंह नेगी ने कहा कि पालिका का प्रयास है कि क्षेत्र को साफ सुथरा रखा जाये। लोग कूड़ा कूड़ेदान में डाले। मौके पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष फूल सिंह वर्मा, सह सचिव अशरफ अली, अधिवक्ता सुरेश चंद्र भट्ट, संदीप जोशी, साकिर हुसैन, भव्य चमोला, आरपी नेपाली, सुमित, राजीव, मोइन, निधि, अभिषेक, जसवंत, अमीर, चीनू, विजय बिष्ट, प्रशांत खत्री, कविता बोरा, सचिन रावत आदि मौजूद रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष से दो लाख लूटे

ऋषिकेश। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष से चार अज्ञात लोगों ने दो लाख रुपये की रकम लूट ली। आरोप है कि उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की, तो पुलिसकर्मियों ने भी बदलसूकी की। विरोध में कार्यकर्ता रायवाला थाने पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद पुलिस ने तहरीर पर चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। तफ्तीश शुरू कर आरोपियों की पहचान के प्रयास तेज कर दिए हैं। रायवाला पुलिस के मुताबिक किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह रावत निवासी भल्लाफार्म, श्यामपुर ने शिकायत दी। बताया कि वह पार्टी के ऋषिकेश में महाजनसंपर्क अभियान से संबंधित बैठक में शामिल होकर छिद्दरवाला पहुंचे थे। यहां कुछ कार्यकर्ताओं को कार से छोड़ने के बाद वह वापस लौट रहे थे। आरोप है कि नेपाली फार्म तिराहे पर एक टैंपो चालक ने बदलसूकी की। इस बीच वह निकलते, तो चार अज्ञात बदमाशों ने उनका पीछा किया और श्यामपुर क्षेत्र में उनकी कार से करीब दो लाख रुपये लूट लिए।

## पर्यटकों ने टाइगर फॉल के पानी में की अठखेलियां

विकासनगर। मैदानी क्षेत्रों में पारा चढ़ने से वीकेंड पर एक बार फिर चकराता पर्यटकों से गुलजार है। शुक्रवार से ही चकराता के होटल, रिजॉर्ट पैक हो गए थे। शनिवार को भी बड़ी संख्या में पर्यटकों ने चकराता के सुंदर नजारों का दीदार कर यहां के सुहाने मौसम का लुत्फ उठाया।

इस माह चकराता में बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। वीकेंड पर इनकी संख्या में और वृद्धि हो जाती है। पर्यटकों की आमद से क्षेत्र के होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यापारियों के चेहरे खिले हुए हैं। इस सप्ताह भी शुक्रवार शाम से ही पर्यटकों का चकराता आना शुरू हो गया था। शनिवार सुबह पर्यटकों ने टाईगर फॉल, देवबन, कनासर, मोयला टॉप, सनसेट, सनराइज प्वाइंट पहुंच प्राकृतिक नजारों का आनंद उठाया।

कई युवा ट्रेकिंग का आनंद उठाते भी नजर आए। पर्यटकों ने चकराता बाजार स्थित स्वयंभू चिंताहरण महादेव मंदिर और एमईएस लाईन स्थित प्राचीन धार्मिक स्थलों के दर्शन भी किये।

चकराता के आसपास गांव स्थित होम स्टे में रुके पर्यटकों ने यहां के पारंपरिक व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया। पर्यटकों ने चकराता बाजार में स्थानीय उत्पादों राजमा, लाल चावल बुरांस स्क्वेश, भंगजीरा, जखिया, पहाड़ी लहसुन के साथ ही हाथ से बने ऊनी कपड़ों की भी खरीददारी की।

## फर्जी तरीके से दूसरे के नाम पर लोन लेने का आरोपी गिरफ्तार



देहरादून। एसटीएफ ने फर्जी दस्तावेजों के दम पर दूसरे व्यक्ति के नाम पर लोन लेने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी छह माह से फरार था, इस पर 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित था। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि 22 नवंबर 2022 को शैलेंद्र कुमार निवासी भदईपुरा रुद्रपुर की ओर से थाना ट्रांजिट कैंप रुद्रपुर में मुकदमा दर्ज कराया गया था। आरोप था कि निहाल सुमन निवासी तराई विहार कॉलोनी प्रीत विहार रुद्रपुर ने उनके दस्तावेजों से फर्जी तरीके से एक्सिस बैंक से छह लाख रुपये का लोन लिया था। तब से आरोपी फरार चल रहा था। पांच जून 2023 को पुलिस ने उसपर 25 हजार का ईनाम घोषित किया। छह महीने से उसकी तलाश की जा रही थी। अग्रवाल ने बताया कि एसटीएफ की एक टीम तीन दिन से निहाल के पीछे लगी थी। शुक्रवार शाम सूचना मिली की निहाल उत्तराखंड यूपी बार्डर पर आने वाला है।

## शिक्षा मंत्री से निजी स्कूलों की शिकायत

देहरादून। राजा राम मोहन राय इकाई की अभिभावक एकता समिति ने शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजकर स्कूलों से जुड़ी समस्याओं के लिए शिकायत निवारण कमेटी गठित करने व टोल फ्री नम्बर जारी करने की मांग की है। समिति ने बगैर मान्यता के संचालित निजी स्कूलों पर कार्रवाई की भी मांग की है। समिति के अध्यक्ष एमडी मौर्य ने बताया कि निजी स्कूलों से जुड़ी शिकायतों के निवारण के लिए सरकार को बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष, शिक्षा सचिव, डीएम के नेतृत्व में उच्च कमेटी गठित करनी चाहिए। कमेटी की बैठक महीने के प्रथम सप्ताह में किसी एक दिन तय कर शिकायतों की सुनवाई प्रारंभ करनी चाहिए।

## पीएचसी त्यूणी में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 2065 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

विकासनगर। जौनसार बावर चिकित्सक संघ की ओर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र त्यूणी में आयोजित वृहद स्वास्थ्य शिविर में 2065 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई वितरित की गई। स्वास्थ्य जांच के लिए पंजीकरण कराने के लिए सुबह छह बजे से ग्रामीण अस्पताल में पहुंचने शुरू हो गए थे। शिविर में 38 विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अलग—अलग बीमारियों से ग्रसित मरीजों की जांच की।

स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ सीएमओ डॉ. संजय जैन और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चमन सिंह ने संयुक्त तौर पर किया। सीएमओ ने जौनसार बावर मूल के चिकित्सकों की ओर से की गई इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिविर में स्वास्थ्य जांच के साथ ही विभिन्न परीक्षण की सुविधा और दवाइयां भी चिकित्सकों की ओर से अपने संसाधनों पर मुहैया कराई जा रही हैं।

**सीएमओ खुद व्यवस्था बनाए रखने में जुटे**

शिविर में पंजीकरण के लिए सुबह छह बजे से ही ग्रामीणों का अस्पताल में पहुंचना शुरु हो गया था। 11 बजे तक भीड़ बढ़ने से व्यवस्थाएं बनाने में पुलिस कर्मियों के पसीने छूटने लगे। इसके बाद सीएमओ डॉ. जैन, एसीएमओ डॉ. दिनेश चौहान, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. केशर चौहान, डॉ. नरेंद्र चौहान और पीएचसी प्रभारी डॉ. नरेंद्र राणा खुद व्यवस्था बनाने में जुटे।

**117 मरीजों का किया अल्ट्रासाउंड**

स्वास्थ्य शिविर में आए 117 मरीजों का अल्ट्रा साउंड, 51 एक्स रे, 20 ईसीजी और 120 मरीजों की पैथोलॉजी जांच निशुल्क की गई। परामर्श के बाद सभी मरीजों को एक माह की दवाई भी वितरित की गई।

**एक जगह पर पहली बार जुटे विशेषज्ञ चिकित्सक**

जौनसार बावर चिकित्सक संघ के अध्यक्ष डॉ. यशवीर तोमर बताया कि शिविर में देश भर के अस्पतालों में सेवा दे रहे अलग अलग बीमारियों के 38 विशेषज्ञ मौजूद थे।

## असम राइफल्स के महानिदेशक, लेफ्टिनेंट जनरल प्रदीप चंद्रन नायर ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को राजभवन में असम राइफल्स के महानिदेशक, लेफ्टिनेंट जनरल प्रदीप चंद्रन नायर ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल से असम राइफल्स से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल ने कहा की वे स्वयं असम रेजीमेंट व असम राइफल्स से बेहद करीब से जुड़े रहे और उन्होंने अपनी सेवा काल के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्रों में सेवाएं दी है। महानिदेशक ने बताया कि उत्तराखण्ड से असम राइफल में लगभग 6 हजार जवान अपनी सेवाएं दे रहे हैं, वहीं लगभग 14 हजार पूर्व सैनिक हैं। असम राइफल्स में 10 प्रतिशत जवानों की संख्या उत्तराखंड से है जो की यहां के लिए गर्व की बात है। उन्होंने असम राइफल में उत्तराखण्ड के जवानों के योगदान की सराहना की।

## मृतक आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति देने की मांग

देहरादून। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने मृतक आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति देने की मांग की है। परिषद ने इसके लिए वित्त सचिव को पत्र लिखा है। प्रदेश अध्यक्ष प्रेम सिंह रावत और महामंत्री दिनेश पंत ने पत्र में कहा कि परिवहन निगम निदेशक मंडल की 32वीं बोर्ड बैठक में 21 अक्तूबर 2022 को ड्राइवर—कंडक्टर के पदों पर मृतक आश्रितों को नियमित नियुक्ति देने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था।

## 300 ग्राम स्मैक तस्करी के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

देहरादून। एसटीएफ ने स्मैक तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी बरेली से देहरादून में सप्लाई के लिए तीन सौ ग्राम स्मैक ला रहा था। जिसकी कीमत तीस लाख रुपये के करीब बताई जा रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि एसटीएफ की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने थाना श्यामपुर हरिद्वार पुलिस के साथ शुक्रवार रात संयुक्त कार्रवाई की। इस दौरान हरिद्वार स्थित तिरछा पुल के पास से शहजाद पुत्र वेदयार खान निवासी विहार कला थाना इज्जतनगर जिला बरेली उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया गया। इसके कब्जे से 300 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पूछताछ में उसने बताया कि वो स्मैक शराफत अली पुत्र फईम निवासी कुन्जा ग्रांट विकासनगर को सप्लाई करने जा रहा था। एसटीएफ ने तत्काल दूसरी टीम गठित कर शराफत अली को भी विकासनगर क्षेत्र गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## काशीरामपुर तल्ला में पेयजल व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की मांग

**कोटद्वार** : नगर निगम के अंतर्गत वार्ड नं. 6 काशीरामपुर तल्ला के लोगों ने वार्ड में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने की मांग की है। कहा कि व्यवस्थाएं बेहतर न होने के कारण वार्ड वासियों को पेयजल किल्लत से जूझना पड़ रहा है। पेयजल आपूर्ति बेहतर न होने का आरोप लगाते हुए वार्ड वासियों ने पार्षद सूरज कांति के नेतृत्व में जल संस्थान के प्रति रोष व्यक्त किया। पार्षद ने कहा कि उनके वार्ड के लिए जिस नलकूप से पानी की आपूर्ति की जाती है वहां से कभी पानी छोड़ा जाता है, कभी नहीं। कहा कि इस संबध में वह विभाग के अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। चेतावनी दी कि समस्या का समाधान होने पर वह जन सहयोग से उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# बीमार कर रही सूरज की तपन, डायरिया व उल्टी दस्त के बढ़े मरीज

### पिछले एक सप्ताह से 42 डिग्री सेंटीग्रेड के पार पहुंच रहा शहर का तापमान ,राजकीय बेस अस्पताल के साथ ही निजी अस्पतालों में बढ़े मरीज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** सूरज की तेज तपन ने आमजन को बीमार करना शुरू कर दिया है। गर्मी के बीच राजकीय बेस अस्पताल कोटद्वार में डायरिया व उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। हर रोज चार से पांच सौ मरीज अस्पताल की ओपीडी में उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। चिकित्सक मरीज व उनके तीमारदारों को धूप व लू से बचने की सलाह दे रहे हैं। वहीं, क्षेत्र के निजी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा है।

गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में लगातार गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। पिछले चार दिन से तापमान 42 डिग्री सेंटीग्रेड के पार पहुंच रहा है। ऐसे में शरीर को झुलसाने वाली धूप व लू के थपेड़े आमजन की सेहत को बिगाड़ने लगे हैं। सुबह से अस्पताल में ओपीडी की पर्ची बनवाने वालों की लंबी–लंबी लाइनें नजर आ रही हैं। अस्पताल में अधिकांश मरीज उल्टी-दस्त, डायरिया व बुखार के पहुंच रहे हैं।

### भीषण गर्मी में रहें सावधान

बेस चिकित्सालय के वरिष्ठ फिजीशियन डा. जेसी ध्यानी मरीजों को गर्मी के मौसम में सावधान रहने की सलाह दे रहे हैं। चिकित्सक का कहना है कि ऐसे मौसम में खानपान पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। साथ ही बुजुर्ग व बच्चों को तेज धूप में घर से बाहर निकलने से परहेज करना चाहिए।

### बच्चे भी हो रहे बीमार

गर्मी का प्रकोप बच्चों पर भी भारी पड़ रहा है। राजकीय बेस चिकित्सालय में अभिभावक अपने बच्चें को उपचार के लिए लेकर पहुंच रहे हैं। अधिकांश बच्चों में उल्टी, दस्त के साथ ही पेट दर्द की समस्या सामने आ रही है। चिकित्सकों की माने तो ऐसे मौसम में बच्चों को फास्ट फूड व बाहर के खाने से परहेज करना चाहिए।

### इन बातों का रखें ध्यान

- बाहर धूप से आकर तुरंत ठंडा पानी न पीएं
- ताजा खाना खाएं व बासी खाने से परहेज करें
- धूप में सिर को कपड़े से ढक कर ही बाहर निकलें
- फास्ट फूड खाने से परहेज करें
- अधिक से अधिक पानी पीएं



कोटद्वार का रोजकीय बेस चिकित्सालय जहां में उपचार करवाने पहुंचें लोग

## कैंसर से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी

### दी हिल्र्स वैलेटिस कैंसर सेंटर बिजनौर ने चलाया अभियान

### कोटद्वार वासियों को नि:शुल्क दिया कैंसर परामर्श

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** दी हिलर्स वैलेटिस कैंसर सेंटर बिजनौर की ओर से कोटद्वार वासियों को निःशुल्क कैंसर परामर्श दिया गया। कहा कि कैंसर से बचाव के लिए जागरूकता आवश्यक है।

गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में पहली बार लोगों को निःशुल्क कैंसर परामर्श दिया गया। कैंसर के वरिष्ठ चिकित्सक डा. गौरव शर्मा ने लोगों को कैंसर से बचाव की जानकारी दी। आयोजित कैंप में कोटद्वार के साथ ही लैंसडौन, हरिद्वार, देहरादून सहित आसपास के लोग पहुंचे हुए थे। कैंप में कैंसर से पीड़ित मरीजों की संख्या करीब सौ के पार थी। कैंप में खून से बनने वाले कैंसर, हड्डी का कैंसर, मुंह व छाती का कैंसर, ब्रेन ट्यूमर आदि का परामर्श दिया गया। कैंप के दौरान खुशी हेल्थ केयर सेंटर के स्वामी एवं वरिष्ठ डा. राजीव ने कैंप में आए मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य की सलाह दी। कहा कि हमें बीमारी को छिपाने के बजाय इसका उपचार करवाना चाहिए। इस मौके पर सेंटर मैनेजर शिखा भट्ट आदि मौजूद रहे।



कैंप में कैंसर मरीज के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक

## प्रोफेसरों के निलंबन की मांग लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

**पौड़ी** : इंजीनियरिंग कॉलेज घुड़दौड़ी की दिवंगत असिस्टेंट प्रोफेसर मनीषा भट्ट की आत्महत्या मामले में मृतका के पति की तहरीर पर संस्थान के तत्कालीन प्रभारी निदेशक डॉ. वाई सिंह और विभागाध्यक्ष डा. एके गौतम पर उत्पीड़न के आरोप में मुकदमा पंजीकृत हुआ था। जिस पर शासन द्वारा दोनों प्रोफेसरों को अन्यत्र संबद्ध कर दिया गया था।

मामले में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने शनिवार को जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज दोनों प्रोफेसरों के निलंबन की मांग की है। इस मौके पर सामाजिक एवं आरटीआई कार्यकर्ता राजेंद्र सिंह रावत ने दोनों प्रोफेसरों पर मामले में जांच को प्रभावित करने का अंदेशा जताते हुए कहा कि अभी तक दोनों प्रोफेसरों ने अपनी नई तैनाती स्थल पर जॉइनिंग नहीं दी है। कहा कि वे अक्सर इंजीनियरिंग कॉलेज घुड़दौड़ी में घूमते हुए दिखाई देते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर दोनों के निलंबन की मांग उठाई है। कहा कि यदि दोबारा से दोनों प्रोफेसरों को यहां तैनाती दी जाती है तो क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और जनता आंदोलन के लिए बाध्य होगी। जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन और कॉलेज प्रशासन की होगी।

## नगर पालिका दुगड्डा ने दिलवाई स्वच्छता की शपथ



विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलवाते निगम के अधिकारी।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** नगर पालिका दुगड्डा की ओर से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई के विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई। इस दौरान क्षेत्र में स्वच्छता जागरूकता रैली भी निकाली गई।

नगर पालिकाध्यक्ष भावना चौहान व अधिशासी अधिकारी जीपी जोशी के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। साथ ही विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी स्वच्छता का संदेश दिया। इसके उपरांत दुगड्डा स्थित आर्मी ग्राउंड, विकास कॉलोनी में सफाई अभियान चलाया गया। नगर पालिकाध्यक्ष भावना चौहान ने लोगों से स्वस्थ व स्वच्छ समाज निर्माण में अपना योगदान देने की अपील की। कहा कि 18 जून को सुबह सात बजे सुभाष बाजार स्थित बारात घर में स्वच्छता सप्ताह मनाया जाएगा।

## स्वास्थ्य शिविर में तीन हजार से अधिक लोगों ने कराई जांच

### विस अध्यक्ष के प्रयासों से जुनून चौरिटेबल सोसाइटी की ओर से लगवाया गया शिविर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण के प्रयासों एवं यथार्थ हॉस्पिटल, नोएडा के जुनून चैरिटेबल सोसाइटी के सहयोग से आयोजित स्वास्थ्य शिविर का तीन हजार से अधिक लोगों ने लाभ उठाया। चिकित्सकों ने निःशुल्क चिकित्सा जांच, परामर्श के बाद मरीजों को दवाईयां वितरित की। शिविर का लाभ लेने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचे हुए थे।

पदमपुर श्री गुरु रामराय पब्लिक स्कूल में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने शिविर में लगे परीक्षण स्टालों का निरीक्षण किया एवं स्वास्थ्य परीक्षण करने पहुंचे लोगों की कुशलक्षेम भी पूछी।

यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा से बुलाई गई टीम में 32 से अधिक डॉक्टरों एवं 70 से अधिक मेडिकल स्टाफ ने क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करवाई। सुबह 8 बजे से प्रत्येक विशेषज्ञ के पास लोगों का तांता लगा रहा।

आयोजित स्वास्थ्य शिविर के दौरान डॉक्टरों की टीम ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाईयां वितरित की। शिविर में एनसीडी-एण्ड टीबी स्क्रिनिंग, गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण, परिवार कल्याण परामर्श, टीकाकरण, नेत्र परीक्षण, डेंटल चेकअप, ब्लड जांच, ड्रग डिस्ट्रिब्यूशन काउंटर, स्कीन संबंधी बीमारी, मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण संबंधित आदि स्टॉल लगाए गये थे।

इस दौरान दो हजार से अधिक लोगों ने विभिन्न प्रकार की जांच कराई। शिविर में नेत्र, जनरल मेडिसिन, स्त्री रोग, शिशु रोग, नाक-कान-गला, दंत रोग, हड्डी रोग, ह्रदय रोग, गैस्ट्रो, मानसिक रोग, गला रोग, सामान्य रोग आदि के इलाज के लिये विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित रही। डॉक्टरों की टीम में डॉ. जीसी बैष्णव, डॉ. सुधीर शर्मा, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. पुनीत गुप्ता, डॉ. फेजल, डॉ. प्रार्थना, डॉ. पूनम जदली, डॉ. आलोक गुप्ता, डॉ. अमित चौधरी, डॉ. संजय यादव, डॉ. मालिनी, डॉ. पंकज मल्होत्रा, डॉ. संदीप नागर, डॉ. संदीप त्रिपाठी, डॉ. संदीप नागर, डॉ. श्रुति, डॉ. लोकेश, डॉ. मनीषा गुप्ता, डॉ. एचएस धानु, डॉ. परहलाद चावला, डॉ. रोहितास शर्मा सहित अन्य विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद रहे।



स्वास्थ्य शिविर में बुजुर्गों का हाल जानती विस अध्यक्ष

## पोस्टर में रश्मि, पूनम, प्रमेंद्र ने मारी बाजी

**श्रीनगर गढ़वाल** : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान(डायट) चड़ीगांव में शुक्रवार को जी-20 शिखर सम्मेलन के कार्यक्रमों के तहत एनसीटीई के निर्देशनासार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

इस मौके पर कविता पाठ प्रतियोगिता में साक्षी ने प्रथम, ज्योति ने द्वितीय और दिव्या उप्रेती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में रश्मि, पूनम, प्रमेंद्र सिंह ने प्रथम, रिचा, दीपक, मंयक, अजय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में दिव्य उप्रेती, कुलवंती, दिवाकर, सपना ने प्रथम, अंजली बिष्ट, वंदना, मिनाक्षी, शिवानी, रश्मि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में मोनाल सदन ने प्रथम, ब्रहमकमल सदन और नंदा देवी सदन ने संयुक्त रूप से द्वितीय और कस्तूरी मृग सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## हल्दुखाता चौराहे पर लगेगी सर्वोदय सेवक स्व. मान सिंह रावत की प्रतिमा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत हल्दुखाता चौराहे में सर्वोदय सेवक स्व. मान सिंह रावत की प्रतिमा लगाईजाएगी। कुछ दिन पूर्व विभिन्न संगठनों ने महापौर से प्रतिमा लगवाने की मांग उठाई थी।

कुछ दिन पूर्व सर्वोदय सेवा ट्रस्ट कोटद्वार की ओर से हल्दुखाता चौराहे में सर्वोदय सेवक स्व. मान सिंह रावत की प्रतिमा लगाने की मांग उठाई गई थी। प्रतिनिधिमंडल ने सर्वोदय सेवक स्व. मान सिंह रावत की पत्नी शशि प्रभा रावत के नेतृत्व में महापौर से मुलाकत की थी। सुरेंद्र लाल आर्य ने बताया कि नगर निगम ने प्रतिनिधिमंडल की मांग को गंभीरता से लिया है। बताया कि बोर्ड बैठक में प्रतिमा लगाने के लिए प्रस्ताव भी पास हो चुका है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल चक्रधर शर्मा 'कमलेश', पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पूरण सिंह रावत, पीएल खंतवाल, नेत्र सिंह रावत, गौरव रावत, विनय रावत, मंजू रावत, श्रद्धा नेगी ने नगर निगम के इस निर्णय का स्वागत किया है। कहा कि समाज सेवा में दिया गया मान सिंह रावत का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।



फाइल फोटोः मान सिंह रावत

## विश्राम गृह को निजी हाथों में सौंपने के फैसले को वापस लेने की मांग की

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : शहर के श्री बदरी केदार मंदिर समिति के विश्राम गृह को निजी हाथों में सौंपे जाने को लेकर मंदिर समिति के फैसले पर कांग्रेस ने विरोध जताया है। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर जल्द ही इस निर्णय को वापस लेने की मांग उठाई है। कहा कि विश्राम गृह से शहर वासियों को काफी सुविधाएं मिलती है, लेकिन विश्राम गृह को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी चल रही है।

कांग्रेस के नगर अध्यक्ष भरत सिंह रावत के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। इस दौरान कांग्रेसियों ने कहा कि शहर का विश्राम गृह शहर वासियों को शादी विवाह एवं अन्य मांगलिक कार्यक्रमों के लिए सस्ती दरों पर उपलब्ध हो जाता है। जिससे आम जनमानस को काफी सुविधा होती है। कहा कि बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति द्वारा विज्ञप्ति प्रकाशित कर विश्रामगृह को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने इस विश्रामगृह को निजी हाथों में ना दिए जाने की मांग की है। इस मौके पर सभासद अनीता रावत, उपेंद्र रावत, गोपाल नेगी, मनमोहन सिंह, आशीष रावत आदि शामिल रहे।

## तमिलनाडु के टप्पेबाज को कोटद्वार पुलिस ने दबोचा, भेजा जेल

### 12 जून को कोटद्वार के एक होटल में की थी टप्पेबाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** कोटद्वार पुलिस ने तमिलनाडु के एक टप्पेबाज को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 12 जनू को देवी रोड स्थित एक होटल में पर्यटक के कमरे से उसकी सोने की चेन और 45 हजार रुपये उड़ाए थे।

12 जून को दिल्ली निवासी उपेंद्र कुमार ने कोतवाली में तहरीर दी थी। जिसमें उसने बताया कि किसी अज्ञात चोर ने उसकी पत्नी का पर्स जिसमें 45000 रुपये नकद, 18 ग्राम सोने की चेन, एटीएम कार्ड, फ्लैट की चाबी, मोबाइल फोन चोरी कर दिया है।

मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरों को खंगालते हुए मामले की पूरी पड़ताल करने के बाद एसएसआई जगमोहन रमोला और उनकी टीम ने आरोपी गोपाल पेरूमल निवासी उडई राजपालयम बेल्लूर तमिलनाडु को कौड़िया चेक पोस्ट के पास से दबोच लिया। आरोपी ने पास से एक मोबाइल फोन, 3500 रुपये नकदी, एक आधार कार्ड, एक लेडीज पर्स, बैग के अंदर 26 मोबाइल फोन बरामद किए हैं।



पुलिस हिरासत में पकड़ा गया आरोपी

### ऐसे करता था आरोपी चोरी

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि तमिलनाडु में वह कपड़े बेचने का काम करता था और गांव में जाकर कपड़ों की फेरी लगाता था। उस पर कर्जा ज्यादा हो गया तो वह घर से भाग गया और अपनी पत्नी के साथ हरिद्वार आकर रहने लगा। एक महीने से वह हरिद्वार में इधर–उधर घूम कर बसों, होटलों और जहां भी उसे फोन व पैसा इत्यादि मिल जाता था वह चुपके से उठा लेता था। हरिद्वार के एक होटल से उसने तीन मोबाइल चुराए थे। बताया कि 12 जून को उसने देवीरोड स्थित होटल में घुसकर कमरे के अंदर टेबल में पड़ा पर्स और एक मोबाइल फोन उठाकर हरिद्वार भाग गया था।

## सामान्य ज्ञान में आंचल, अभिषेक रहे अव्वल

**पौड़ी** : मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम सिरों में वार्षिक पूजा अनुष्ठान के दौरान गढ़वाल के प्रसिद्ध उद्यमी स्व. अमर सिंह रावत की स्मृति में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. पंचम सिंह रावत ने बताया कि स्व. अमर सिंह प्रसिद्ध उद्यमी होने के साथ-साथ उत्तराखण्ड हिमालय क्षेत्र के सबसे बड़े हितैषी व पैरोकार थे। वे स्थानीय संसाधनों से युवाओं को जोड़कर उन्हें मातृभूमि की सेवा करने के लिए हमेशा प्रेरित करते रहे। इसीलिए इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन कर स्थानीय प्रतिभाओं को निखारना और प्रेरणा देना है। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में आंचल, विनीत प्रकाश, दिया ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि जूनियर वर्ग में अभिषेक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर उत्तराखण्ड बोर्ड की 12वीं परीक्षा में प्रदेश में 24वां स्थान प्राप्त करने पर आंचल को शिक्षिका नमिता रावत ने विशेष धनराशि देकर सम्मानित किया। इस मौके पर रमेश सिंह रावत, ग्राम प्रधान मदन सिंह बिष्ट, देवेंद्र सिंह रावत, भूपेंद्र, सोबन, विजयपाल, मदन सिंह रावत, महावीर, भजन, वीरेंद्र सिंह सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्व की ऊंचाइयां छू रहा भारत : भट्ट



रुद्रपुर : केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में भारत विश्व की ऊंचाइयां छू रहा है। जल, थल और नभ में भारत ने अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। शनिवार को केंद्रीय राज्य मंत्री भट्ट विकास तीर्थ यात्रा में भाग लेने के लिए खुरपिया फार्म स्थित राजकीय मॉडर्न डिग्री कॉलेज में भाग लेने पहुंचे। यहां भाजपा नेताओं ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया। भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि बीते नौ साल में प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में देश ने सफलता की ऊंचाइयों को छुआ है। एक ओर पड़ोसी देश पाकिस्तान में भुखमरी है, वहीं भारत में लोगों को फ्री अनाज मिल रहा है। पूरे देश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा पहले से अधिक मतों से जीतेगी। इसके पश्चात भट्ट ने एक होटल में आयोजित टिफिन बैठक में भाग लिया। यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक रूप से भोजन किया। इस मौके पर सुरेश परिहार, कमलेंद्र सेमवाल, कमल जिंदल, विपिन जल्होत्रा, मनमोहन सक्सेना, लवी सहगल, सचिन चावला, धर्मराज जायसवाल, श्रीकांत राठौर, विवेक राय, पूरन भट्ट, अक्षय अरोरा, लता सिंह, कविता मान, नितेश बाला आदि रहे। (एजेंसी)

## रुद्रांश के सिर से निकाली गोली

रुद्रपुर : रुद्रांश प्रताप सिंह के सिर का ऑपरेशन कर गोली निकाल दी है। शुक्रवार की रात में हल्द्वानी के निजी अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने रुद्रांश के सिर का ऑपरेशन कर 315 बोर की गोली निकाल दी।

शुक्रवार देर शाम रुद्रांश प्रताप सिंह पुत्र विक्रांत सिंह निवासी ग्राम तिलियापुर, शक्तिफार्म को संदिग्ध हालात में गोली लग गई थी। पुलिस को मौके पर तमंचा व कारतूस का खोखा और कागज पर लिखा नोट बरामद हुआ था। परिजनों ने पुलिस को बताया था कि रुद्रांश एक–डेढ़ वर्ष से अस्वस्थ रहता है।

जांच में प्रथम दृष्टया खुद को गोली मारने का मामला सामने आया है। किशोर रुद्रांश के पिता विक्रांत सिंह ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि में रुद्रांश के सिर से ऑपरेशन कर गोली निकाल ली है।



# बैड़ाओड़ में लगाया लाभार्थी मेला

चम्पावत। भाजपा अनुसूचित मोर्चा की ओर से विकास खंड बाराकोट बैड़ाओड़ में महाजनसंपर्क अभियान के तहत लाभार्थी मेले का आयोजन किया गया। जिसमें समाज कल्याण, स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगे स्टाल का लोगों ने सीधा लाभ उठाया। शनिवार को मोर्चा के जिलाध्यक्ष गोविंद प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित लाभार्थी मेले में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख पाटी सुमनलता रहीं। यहां सुनीता विश्वकर्मा, भवान कालाकोटी, दीपक कालाकोटी, योगेश कालाकोटी, ललित मोहन कालाकोटी रहे। (एजेंसी)

# उत्पादों को बाजार मुहैया कराने को जगह-जगह आउट लाइन बनाने को कहा

चम्पावत : गन्ना विकास एवं कौशल विकास सचिव विजय कुमार यादव ने किसानों के उत्पादों को बाजार मुहैया कराने में मदद करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए उन्होंने जगह-जगह आउट लाइन बनाने को कहा। सचिव ने यह निर्देश स्याला गांव में लगाई रात्रि चौपाल में दिए। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने समस्याओं के समाधान की मांग की। शुक्रवार रात सचिव यादव ने तल्लापाल बिलौना के स्याला गांव में रात्रि चौपाल लगाई। ग्रामीणों ने उनके समक्ष कई समस्याएं रखीं। उन्होंने क्षेत्र में लिफ्ट पेयजल योजना की क्षमता, पेयजल आपूर्ति का समय बढ़ाने और हैंडपंप लगाने की मांग की। उन्होंने बीडीसी सदस्य दीपा जोशी से जौल में पानी की आपूर्ति सुबह–शाम करवाने को कहा। सूखीढांग–श्यामलाताल सड़क में पेंच वर्क ठीक से नहीं करने की शिकायत की। श्यामलाताल–बंधाताल एक किमी सड़क निर्माण की मांग की। ग्रामीणों ने जीआईसी सूखीढांग में शिक्षकों की तैनाती, संपर्क मार्ग बनाने, नालों से हो रहे भूस्खलन को रोकने, नए राशन कार्ड बनाने, जंगली जानवरों से फसलों को बचाने के उपाय करने की मांग की। सीडीओ राजेंद्र सिंह रावत ने क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। सचिव ने ग्रामीणों को समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया। यहां स्याला के प्रधान जगदीश कुमार, डीएफओ आरसी कांडपाल, सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल, डीडीओ संतोष कुमार पंत, एपीडी विम्मी जोशी, तहसीलदार पिंकी आर्या, सीईओ आरसी पुरोहित, सीएओ गोपाल सिंह भंडारी, डीएचओ टीएन पांडेय आदि रहे। (एजेंसी)

## अतिक्रमण प्रभावितों के लिए पुर्नवास की मांग उठाई

किच्छा : केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने बंडिया चौराहे पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत हल्द्वानी रोड से हटाए गए व्यापारियों व अन्य लोगों से मुलाकात की। इस दौरान प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल प्रतिनिधि मंडल ने भट्ट को ज्ञापन देकर आरोप लगाया कि 27 मई को अभियान के तहत रेलवे स्टेशन से बंडिया तक लगभग 150 व्यापारियों को उजाड़ दिया गया।

व्यापार मंडल ने उनके पुर्नवास की मांग की। इस दौरान डॉ. एके गुप्ता, व्यापार मंडल नगर महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला, अभिषेक सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## किच्छा में फायर स्टेशन का जल्द होगा निर्माण : बेहड़

रुद्रपुर : विधायक तिलकराज बेहड़ ने बताया कि क्षेत्र की आवश्यकता को देखते हुए किच्छा में जल्द फायर स्टेशन का निर्माण कराया जाएगा। शनिवार को बेहड़ ने बताया कि मुख्यमंत्री ने विधानसभा की दस महत्वपूर्ण योजनाएं मांगी थीं। इसमें उन्होंने किच्छा में फायर स्टेशन की मुख्य मांग रखी थी। फायर स्टेशन के संबध में बीती 5 जून को अपर सचिव गृह ने उन्हें पत्र लिखकर बताया था कि इस विषय में विश्व बैंक की परियोजना के तहत किच्छा में फायर यूनिट के निर्माण के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई है। बेहड़ ने कहा किच्छा पुराना शहर है। पिछले कुछ वर्षों से यहां की आबादी व क्षेत्रफल काफी बढ़ गया है, इसलिए यहां फायर स्टेशन स्थापित करना आवश्यक हो गया है। बेहड़ ने पूर्व के जनप्रतिनिधियों पर उदासीनता का आरोप लगाया। (एजेंसी)

# सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की अपील

पिथौरागढ़ : केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें कार्यकर्ताओं से जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने की अपील की गई। शनिवार को यहां नगर पालिका सभागार में भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी की अध्यक्षता में लाभार्थी सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम में बोलते हुए पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि पिछले 8-9 वर्षों में देश के अंदर परिवर्तन की धारा बह रही है। विकास की लंबी यात्रा चल रही है जिसका लाभ हर जनमानस को मिल रहा है। पहली बार प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर 35 करोड़ बैंक में खाते खुले। महिलाओं की सब्सिडी खाते में भेजी जा रही है। सांसद अजय टम्टा ने कहा कि





केंद्र सरकार ने आम आदमी के विकास के लिए कार्य कर रही है। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी, नगर पालिकाध्यक्ष राजेंद्र सिंह रावत, पूर्व विधायक चंद्रा पंत, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा, केदार जोशी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। (एजेंसी)

# छात्रों के सर्वांगीण विकास में माताओं की अहम भूमिका



पिथौरागढ़ : विवेकानंद विद्या मंदिर में वार्षिकोत्सव व मातृ सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में इंटर की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर अक्षय सौन, गौरव पाठक, मोहित कापड़ी और हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में आशीष उपाध्याय, सत्यम सौन, वैभव जोशी, अरविंद धामी, ध्रुव नेगी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

शनिवार को विवेकानंद विद्या मंदिर में आयोजित सम्मेलन का शुभारंभ सांसद अजय टम्टा, एसएसजे के पूर्व कुलपति प्रो. एनएस भंडारी सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने किया। सांसद टम्टा ने कहा कि माताओं की छात्रों के भविष्य निर्माण में अहम भूमिका है। विद्या भारती के विद्यालयों में मातृ सम्मेलन कर छात्रों के सर्वांगीण विकास में माताओं की भूमिका को सुनिश्चित किया जाता है। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग, सांस्कृतिक, शारीरिक, छोलिया नृत्य, एकल गीत, डंबल योग, मीनार, अग्निचक्र का प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य कृष्णवर्धन जोशी, पूरन चंद्र जोशी, धर्म सिंह रावत, एडवोकेट गंगा सिंह बाफिला, रिटायर प्रो. बीएस गोबाड़ी, बंशीलाल वर्मा, रेखा जोशी, कमल खर्कवाल, धीरज पाठक रहे। (एजेंसी)

## तहसीलदार बोले लंबित प्रमाण पत्र निपटाना प्राथमिकता

रुद्रपुर : तहसीलदार शुभांगनी के स्थानांतरण के बाद तहसीलदार हिमांशु जोशी ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। जोशी ने बताया की तहसील में पेंडिंग प्रमाण पत्र के कार्य निपटाना उनकी प्राथमिकता है।

कोर्ट की पेंडिंग फाइल का निपटारा, अवैध मिट्टी खनन पर प्रभावी तरीके से रोक लगाना राजस्व वृद्धि को लेकर कार्य किया जाएगा। बकाएदारों से वसूली को लेकर अमीनो की बैठक ली जाएगी। बकाया जमा नही करने वालो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बड़े बकाएदारों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।जन समस्याओं का निपटारा प्राथमिकता से करना उनका लक्ष्य है।

# एक घंटे रिमझिम बारिश से उमस भरी गर्मी से मिली राहत

चम्पावत : चम्पावत में करीब एक घंटे तक रिमझिम बारिश हुई। इससे लोगों को जहां उमस भरी गर्मी से राहत मिली। वहीं खेतों में उगी सब्जियों को फायदा पहुंचा। हालांकि बाद में बादल छंटने से मौसम साफ हो गया। शनिवार मौसम ने करवट बदली। सुबह से बादल छाए रहे। सुबह करीब दस बजे आसमान एकदम साफ हो गया। इसके बाद चटख धूप खिल गई।



चमकदार धूप खिलने से वातावरण में उमस हो गई। दोपहर करीब 12 बजे आसमान में काले बादल छा गए। इसके बाद यहां बारिश शुरू हो गई। करीब एक घंटे तक लगातार हुई बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। हालांकि अपराह्न दो बजे बाद मौसम साफ होने से धूप खिल आई। डीएचओ टीएन पांडेय ने बताया कि बारिश से खेतों उगी हरी मिर्च, बैगन, मक्का, गहत भट्ट, टमाटर, गोभी, शिमला मिर्च आदि सब्जियों और और फसलों को फायदा पहुंचा है। इधर, जिला आपदा नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को जिला मुख्यालय का अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम 17 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। (एजेंसी)

# डीएम ने युवाओं के हाथों में कैसे पहुंचने पर जताई हैरानी

पिथौरागढ़ : युवाओं के हाथों में नशे के इंजेक्शन पहुंचने पर हैरानी जताते हुए डीएम ने कहा यह कैसे संभव है।

उन्होंने पुलिस को मामले में सजगता दिखाने के आदेश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने एसएसबी और आईटीबीपी को भी पुलिस के साथ युवाओं में बढ़ती नशाखोरी रोकने के लिए संयुक्त अभियान चलाने को कहा। शनिवार को वीसी कक्ष में हुई बैठक में डीएम रीना जोशी ने नशे के कारोबार पर चिंता जताई। उन्होंने नशे से जुड़ी चीजों की खेती को रोकने अधिकारियों को आदेश दिए।

जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग से आए अधिकारी को निर्देश दिए कि वे अक्सर यह देखते आ रही हैं कि भाटकोट विद्यालय के बच्चे इधर–उधर बैठे रहते हैं। कहा कि विद्यालय में पढ़ने की जगह बच्चों का ऐसे घूमना ठीक नहीं है' उन्होंने कहा जिले के सभी विद्यालयों में जहां इस तरह की घटनाएं हो रही हैं, प्रधानाचार्य से विद्यालयों के दैनिक क्रिया कलापों की जानकारी लें और रिपोर्ट प्रतिदिन उन्हें भेजें। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह, अपर जिलाधिकारी फिंचा राम चौहान, उप जिलाधिकारी सदर अनुराग आर्या, उपजिलाधिकारी गंगोलीहाट/ बेरीनाग अनिल शुक्ला, उपजिलाधिकारी धारचूला/ मुनस्यारी दिवेश सासनी आदि रहे। (एजेंसी)

## डायट के कार्य और दायित्वों को बताया

चम्पावत : डायट लोहाघाट में कार्यक्रम सलाहकार समिति यानी पीएसी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष में संपादित किए जाने वाले कार्यक्रम और गतिविधियों का अनुमोदन किया गया। पीएसी की बैठक में डीएम नरेंद्र सिंह भंडारी के प्रतिनिधि मुख्य प्रशासनिक अधिकारी भगवत प्रसाद पांडेय ने अध्यक्षता की। उन्होंने डायट के कार्यों की सराहना करते हुए विद्यालयी शिक्षा में गुणवत्ता के लिए डायट की जिम्मेदारी पर अपनी बात रखी। प्रभारी प्राचार्य दिनेश खेतवाल ने डायट के कार्य और दायित्वों को बताया। (एजेंसी)

# डीएम ने ली योग दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक

पिथौरागढ़ : आगामी 21 जून को जनपद में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। यह बात जिलाधिकारी रीना जोशी ने विकास भवन सभागार में योग दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक में कही। शनिवार को डीएम जोशी ने कहा मुख्य योग कार्यक्रमों का आयोजन मोस्टमानू मंदिर परिसर एवं गंगोलीहाट में स्थित हाट कालिका मंदिर परिसर से लगे जीआईसी में किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6:30 बजे होगा। उन्होंने जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को निर्देश दिए कि मोस्टमानू मंदिर परिसर में होने वाले कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। स्कूली बच्चों,



एनसीसी, होमगार्ड एवं आमजन को भी कार्यक्रम में प्रतिभाग करने को प्रेरित किया जाए। कहा कार्यक्रम स्थल मोस्टमानू मंदिर परिसर में पतंजलि योग समिति पिथौरागढ़ को योग सत्र व मंच संचालन की जिम्मेदारी दी है। जल संस्थान के अधिकारी को पेयजल व्यवस्था, पीडी डीआरडीए को टैंट और साउंड सिस्टम, ईई विद्युत को विद्युत व्यवस्था, एएमए जिला पंचायत को अस्थायी शौचालय की व्यवस्था करने को कहा।

# तहसीलों को उपलब्ध कराए आपदा राहत उपकरण

रुद्रपुर : जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने मानसून काल के दृष्टिगत जनपद की तहसीलों, अग्निशमन तथा 31वीं पीएसी वाहिनी रुद्रपुर को आपदा राहत एवं बचाव से संबंधित उपकरण उपलब्ध कराए हैं। डीएम ने उपकरण रखे वाहनों को शनिवार को जिला कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर संबंधित तहसीलों के लिए रवाना किया।

डीएम ने कहा कि जनपद में बारिश के कारण कई नदियां उफान पर आ जाती हैं और आबादी प्रभावित होती है। जनपद में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर राहत–बचाव एवं खोजबीन कार्य आसानी से किया जा सके, इसके लिए सभी तहसीलों, अग्निशमन व 31वीं वाहिनी पीएसी को आपदा राहत उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। डीएम के सामने विभिन्न उपकरणों को चलाकर देखा गया और जांच भी की गई। इस दौरान एडीएम जय भारत सिंह, एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। (एजेंसी)

# पिथौरागढ़ में ई–रिक्शा संचालन को बनेगी कार्ययोजना

पिथौरागढ़ : पिथौरागढ़ नगर में ई–रिक्शा चलाने की संभावना को लेकर डीएम ने परिवहन विभाग को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अनफिट वाहनों को परिवहन के लिए प्रतिबंधित करने के भी आदेश दिए हैं। शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में डीएम रीना जोशी की अध्यक्षता में मासिक स्टाफ समीक्षा हुई। इस दौरान डीएम रीना ने अधिकारियों को जमीनी वाद–विवाद का निस्तारण करने और सड़क निर्माण में आई जमीन का मुआवजा बांटने के आदेश दिए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतें, मजिस्ट्रेटी जांच और लंबित मामलों का जल्द समाधान करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने सड़क किनारे पत्थर मिलने पर सामग्री जब्त करने के भी आदेश दिए। दोपहिया वाहनों में स्टंड करने वाले चालकों के डीएल निरस्त करने को भी कहा। डीएम ने एआरटीओ को बाजार में रेंटल बाइक लाने और ई–रिक्शा को चलाने की संभावनाओं को लेकर कार्ययोजना बनाने को कहा। जनपद में ही गाड़ियों के फिटनेस सर्टिफिकेट बनाने और अनफिट वाहनों को परिवहन के लिए प्रतिबंधित करने के भी निर्देश दिए। यहां एडीएम फिंचा राम चौहान, एसडीएम अनुराग आर्या, अनिल शुक्ला, दिवेश शासनी, भगत सिंह फोनिया रहे। (एजेंसी)

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताए नशे के नुकसान

पिथौरागढ़ : नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत थानाध्यक्ष कनालीछीना जावेद हसन के नेतृत्व में शनिवार को टीम ने ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के माध्यम से आम जनमानस को नशे के दुष्परिणामों बारे में बताया। साथ ही नशा मुक्ति अभियान में पुलिस का सहयोग करने की भी अपील की। कहा नशे के कारोबार की जानकारी टोल फ्री नंबर–14446 में दें। इसके बाद उन्होंने सभी को नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाई। (एजेंसी)

# संदिग्ध गतिविधियों में पुलिस तत्परता दिखाए

पिथौरागढ़ : एसपी लोकेश्वर सिंह ने कहा जनपद में विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण करने वालों को चिह्नित किया गया है। जल्द ही अतिक्रमण को हटाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने बाहर से आने वाले लोगों पर पुलिस से कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। कहा सीमा से सटे क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों की स्थिति में पुलिस तत्परता दिखाए। शनिवार को मासिक अपराध गोष्ठी में उन्होंने पुलिस अधिकारियों से जनपद की कानून व्यवस्था की जानकारी ली। वर्तमान में जनपद स्तर पर चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों के तहत की गई कार्रवाई की भी उन्होंने समीक्षा की। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि बाहरी व्यक्तियों का शत–प्रतिशत सत्यापन करें। अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे धारचूला, जौलजीबी, बलुवाकोट, झूलाघाट में बाहरी देशों से आने वाले व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखते हुए उनका सत्यापन हर हाल कराएं।

# भाजपा ने जनता को महंगाई और बेरोजगारी की सौगात दी : मनीष



: कांग्रेस नेता मनीष खंडूड़ी लोगों से संवाद करते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : विधानसभा चौबट्टाखाल के तहत नगर पंचायत सतपुली, जयहरीखाल ब्लाक के दुधारखाल, कांडई आदि गांवो में कांग्रेस एआईसीसी सदस्य व गढ़वाल लोकसभा पूर्व प्रत्याशी मनीष खंडूड़ी ने घर-घर जाकर जनता से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने वर्तमान स्थिति की जनसमस्याओं को जाना और जनमुद्दों पर चर्चा की।

कांग्रेस नेता मनीष खंडूड़ी ने कहा कि भाजपा मार्केटिंग और ब्रांडिंग में पारंगत है। भाजपा ने इन 9 सालों में जनता को महंगाई, बेरोजगारी की सौगात दी है और इन मुद्दों पर भाजपा कभी चर्चा नहीं करती। उन्होंने कहा कि जनता के बीच जाकर पता चल रहा है कि जनता किस हालत में अपना गुजर बसर कर रही है। भाजपा के क्रियाकलापों को लेकर जनता में भारी गुस्सा देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देने वाली है। इस दौरान उत्तराखण्ड बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं में मेरिट में सातवीं रैंक हासिल करने वाले सतपुली के शोभित बिष्ट के घर पहुंचकर माला पहनाकर अभिवादन किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाए दी। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश महासचिव कविंद्र इस्टवाल, ब्लॉक अध्यक्ष सतपुली कीरत सिंह, नगर अध्यक्ष सुरजन रौतेला, व्यापार मंडल अध्यक्ष जयदीप नेगी, कैप्टन रणधीर सिंह चंद्रमोहन सिंह, प्रीतम सिंह सहित कांग्रेस कार्यकर्ता आदि शामिल रहे।

## शहर की समस्याओं के निराकरण की उठाई मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कोटद्वार विधानसभा की कई समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर नरेंद्र भाई विचार मंच ने स्थानीय विधायक व प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में विधान सभाअध्यक्ष से समस्याओं के निस्तारण की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि कोटद्वार विधानसभा अभी भी कई समस्याओं से जूझ रही है जिनका निस्तारण आवश्यक है। समस्याओं में शहर का कूड़ा निस्तारण और सड़क पर घूमता बेसहारा गौ वंश बड़ी समस्या के रूप में उभरा है। आबादी के बीच बने ट्रंचिंग ग्राउंड में सभी चालीस वार्डों का कूड़ा वर्तमान में निस्तारित किया जा रहा है। वहां से उठने वाली दुर्गंध के कारण ग्राउंड के आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए ट्रंचिंग गाउंड को आबादी से बाहर स्थापित किया जाना चाहिए। सड़कों पर घूमता बेसहारा गौवंश भी आम जन और यातायात में बाधक बना हुआ है।

इसके अलावा ज्ञापन में कोटद्वार को जिला बनाने और क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय शीघ्र स्थापित करने की मांग भी की गई है। ज्ञापन सौपने वालों में जीके बड़थ्वाल, सीपी डोबरियाल, सीपी धूलिया, सुरेश रावत, अनूप बिष्ट, विनोद ध्यानी और वीरेंद्र सिंह रावत आदि थे।

# अधिकारियों के स्थानांतरण पर दी विदाई



द्वारीखाल ब्लॉक में अधिकारियों को विदाई देते ब्लॉक प्रमुख

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : विकासखंड मुख्यालय द्वारीखाल में तैनात खंड विकास अधिकारी हरेन्द्र कोहली का स्थानांतरण जनपद रूद्रप्रयाग, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी मो. मोहसीन का स्थानांतरण यमकेश्वर, ग्राम विकास अधिकारी अर्जुन पंवार का स्थानान्तरण यमकेश्वर, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अर्चना रावत एवं अशोक नैनवाल का स्थानान्तरण एकेश्वर हो गया है।

सभी अधिकारियों को ब्लॉक प्रमुख ने स्मृति चिन्ह देकर विदाई दी। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि सभी अधिकारियों का व्यवहार कार्य करने की शैली बहुत अच्छी रही है। इस अवसर पर एबीडीओ विद्यादत्त रतूड़ी, एडीओ समाज कल्याण हरपाल सिंह, एडीओ सह. केदार दत्त कण्डवाल, प्रशासनिक अधिकारी कमलेश बलोधी, एडीओ पंचायत जयदीप रावत लेखाकार पीडी सनवाल, मनोज थपलियाल, नरेन्द्र गुसाई, प्रियांक रावत, सौरभ बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# सीईओ ने बीईओ का वेतन रोका, शिक्षिका को किया निलंबित

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : मुख्य शिक्षा अधिकारी डॉ. आनन्द भारद्वाज ने शासकीय कार्य में बाधा, जनहित में किये गये कार्य की अनदेखी, कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही, उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने पर प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी पोखड़ा का वेतन रोकने और शिक्षिका के निलंबन के दिए आदेश दिए।

सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत मुख्य शिक्षा अधिकारी डॉ. आनन्द भारद्वाज ने ग्राम बगड विकासखंड पोखड़ा में चौपाल लगाकर जनता की शिकायतों का निराकरण किया गया। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम की सूचना पूर्व में ही खंड शिक्षा अधिकारी पोखड़ा को दे दी गयी थी, किंतु खंड शिक्षा अधिकारी पोखड़ा स्वयं उपस्थित नहीं हुए। जिसके चलते प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी पोखड़ा विवेक रावत को शासकीय कार्य में बाधा, जनहित में किये गये कार्य की अनदेखी, कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही, उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने पर वेतन रोकने का आदेश दिया। इसके साथ ही उन्होंने श्रीमती लक्ष्मी चौहान प्र.प्र.अ. राजकीय प्राथमिक विद्यालय मयालगांव विकासखंड पोखड़ा पर सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने, उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने, जनहित में कार्य न करने, कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही बरतने के कारण अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्यवाही करते हुए जांच पूरी होने तक उन्हें कार्यालय उप शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक शिक्षा) पोखड़ा में संबद्ध करने के आदेश दिए है।

## सम सेमेस्टर परीक्षाएं 10 जुलाई से

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि की सम सेमेस्टर की परीक्षाएं आगामी 10 जुलाई से होंगी। इस संदर्भ में विवि के परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि बीएड और एमएड को छोड़कर यूजी और पीजी एंव व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टर की परीक्षाएं आगामी 10 जुलाई से होनी प्रस्तावित हैं। (एजेंसी)

## लाइव स्टॉक एक्सपोर्ट प्रस्ताव के विरोध में किया प्रदर्शन

श्रीनगर गढ़वाल : गो सेवा संवर्द्धन समिति ने शनिवार को स्थानीय गोला पार्क में जीवित पशु व्यापार लाइव स्टॉक एक्सपोर्ट प्रस्ताव के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने भारत से मांस के लिए जीवित पशुओं को विदेशों को निर्यात किए जाने पर भाजपा सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त कर गहरी नाराजगी व्यक्त की।इस मौके पर पशु प्रमियों ने कहा कि ब्रिटिश समय में ये कानून प्रस्तावित था। 2001 में एक खास प्रस्ताव लाकर इसे बंद कर दिया गया था। लेकिन अब पुनः 2023 में इसको दोबारा से लागू करने का प्रस्ताव लाया जा रहा है। जिसे किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# 19 अग्निवीरों ने ली देश सेवा की शपथ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

लैंसडौन : गढ़वाल राईफल्स रेजिमेंटल केन्द्र के नायक भवानी दत्त जोशी, अशोक चक्र परेड ग्राउण्ड लैंसडौन में 19 नव प्रशिक्षित अग्निवीरों को कसम परेड के बाद देश सेवा की शपथ दिलाई गई।

समीक्षा अधिकारी ब्रिगेडियर विजय मोहन चौधरी द्वारा शपथ दिलाने के बाद इन अग्निवीरों को भारतीय सेना में शामिल किया गया।

सभी अग्निवीरों को 24 सप्ताह तक ट्रेनिंग दी गई। अब ये सभी अग्नि वीर देश सेवा के लिए तैयार हैं।



भवानी दत्त जोशी परेड ग्राउण्ड लैंसडौन में अग्निवीर देश सेवा की शपथ लेते हुए।

शपथ ग्रहण समारोह के बाद अग्नि वीरों में देश सेवा के लिए गजब का उत्साह देखा जा रहा है। कसम परेड के दौरान सैनिक धुन के बीच अग्नि वीर जवानों ने कदमताल से कदमताल मिलाया। वहीं उनकी यह परेड देखने लायक थी। समीक्षा अधिकारी ब्रिगेडियर विजय मोहन चौधरी ने पासिंग आउट परेड की सलामी लेने के बाद परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने अग्निवीरों से देश की सुरक्षा के लिए सैदव तत्पर रहते हुए कर्तव्य का निर्वहन करने का आह्वान किया। बताया गया कि इन सभी नव प्रशिक्षित अग्नि वीरों को देश की विभिन्न सीमाओं पर तैनात किया जाएगा।

# लोगों का रूझान खेती की ओर लाने के लिए प्रेरित करें

**जयन्त प्रतिनिधि।**



सचिव उत्तराखण्ड शासन चन्द्रेश कुमार ग्राम क्यार्क में निरीक्षण करते हुए।

पौड़ी : सचिव उत्तराखण्ड शासन चन्द्रेश कुमार ने पौड़ी स्थित ग्राम क्यार्क में प्रगतिशील काश्तकार विजेन्द्र सिंह रावत एवं उनके सहयोगियों द्वारा कृषि, पशुपालन, पोल्ट्री, मछली व फल-फूल उत्पादन तथा विपिन चन्द्र डोभाल द्वारा एप्पल मिशन के अंतर्गत तैयार किया गया सेब के बागान का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान सचिव ने कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य आदि विभागीय अधिकारियों को इस तरह की स्वरोजगारपरक गतिविधियों को और भी बड़े पैमाने पर करवाने तथा कलस्टर और समूह आधारित खेती की ओर लोगों का अधिक रूझान लाने को प्रेरित करने को कहा। कहा कि कृषि और कृषि से जुड़ी हुई स्वरोजगारपरक गतिविधियों में युवाओं को जोड़े। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए काश्तकारों को कृषि और उससे जुड़ी अन्य सहायक रोजगार परक गतिविधियों को इस तरह से आधुनिक तकनीक से जोड़ने को कहा।

कहा कि कम से कम भूमि का अधिकतम उपयोग हो सके तथा कम स्थान पर अधिक उत्पादन हो सके।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे, जिला उद्यान अधिकारी राजेश तिवारी, सहायक निदेशक डेयरी लीलाधर सागर, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम दीक्षा नौटियाल, एसडीएम संदीप कुमार, आकाश जोशी सहित स्थानीय कास्तकार विजेन्द्र रावत, विपिन बिष्ट, रामानन्द चमोली, सते सिंह बिष्ट, विपिन चन्द्र डोभाल सहित संबंधित विभागीय अधिकारी व कास्तकार उपस्थित थे।

## नदी में फंसे नेपाली युवकों का रेस्क्यू किया

रुद्रप्रयाग : तिलवाड़ी रामपुर में मंदाकिनी नदी में फंसे दो नेपाली युवकों को एसडीआरएफ और अगस्त्यमुनि पुलिस द्वारा रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। पुलिस ने स्थानीय लोगों को नदी किनारे न जाने की हिदायत दी। बीते शुक्रवार देर सांय तिलवाड़ा के पास रामपुर में मंदाकिनी नदी के टापू में दो युवकों के फंसे होने की सूचना मिली। थाना प्रभारी अगस्त्यमुनि के नेतृत्व में चौकी तिलवाड़ा पुलिस व एसडीआरएफ के जवान मौके पर पहुंचे, जहां रेस्क्यू कर मंदाकिनी नदी के टापू में फंसे 2 नेपाली युवकों को सकुशल बाहर निकाला। जिसमें सूरज सोनी पुत्र धर्मराज व प्रिंस सोनी पुत्र राम चन्द्र (निवासी गाबड़, जिला बाके, लुंबिनी नेपाल हाल निवास रामपुर नदी किनारे कपड़े धोने के बाद नहाने के लिए नदी पार कर फंस गए।

# रेलवे से गढ़वाल क्षेत्र को मिलेगा लाभ : विवेक ठाकुर

श्रीनगर गढ़वाल : महा जनसंपर्क अभियान के तहत पौड़ी गढ़वाल लोकसभा प्रभारी एवं राज्य सभा सांसद विवेक ठाकुर ने श्रीनगर मंडल कार्यालय में भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। साथ ही एनआईटी श्रीनगर में अधिकारियों व शिक्षकों को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने धारी देवी मंदिर के दर्शन भी किए।

इस मौके पर सांसद विवेक ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही स्वरोजगार की योजनाओं के साथ ही उत्तराखंड में रेलवे लाइन निर्माण कार्य की सराहना की। कहा रेलवे लाइन का कार्य तीव्र गति से चल रहा है, गढ़वाल क्षेत्र के लोगों को इससे बहुत लाभ मिलेगा। इसके अलावा उन्होंने एनआईटी के टीचिंग स्टॉफ को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में किए गए कार्यों के बारे में बताया। एनआईटी के कुलसचिव डा. धर्मेन्द्र त्रिपाठी ने एनआईटी में होने वाले प्रथम और द्वितीय चरण के कार्य के बारे में बताया और कहा कि कोशिश की जाएगी कि एनआईटी श्रीनगर सुमाड़ी देश की प्रथम एनआईटी में शामिल हो। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुषमा रावत, पूर्व दायित्वधारी राज्य मंत्री अतर सिंह असवाल, जिला प्रभारी जितेंद्र रावत, विधानसभा प्रभारी नरेंद्र रावत, मंडल प्रभारी पंकज सती, जिला महामंत्री भाजपा गिरीश पैन्यूली, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण, वासुदेव कंडारी, गणेश भट्ट आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# थौलधार ब्लाक के गांवों में पिंजरा लगाने की मांग की

नई टिहरी : जिले के बंस्यूल क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य जयवीर रावत ने डीएम डा. सौरभ गहरवार को पत्र प्रेषित कर जनपद के ब्लाक थौलधार के गांवों में आदमखोर गुलदार को पकड़ने के लिए डीएफओ से पिंजरे लगवाने की मांग की है। रावत ने डीएम को लिखे पत्र में बताया है कि जनपद टिहरी के थौलधार ब्लाक का अधिकांश हिस्सा उत्तरकाशी जनपद के चिन्यालीसौड़ से लगा हुआ है। गत समय में गुलदार चिन्यालीसौड़ में महिलाओं का अपना निवाला बना चुका है। चिन्यालीसौड़ से लगे थौलधार ब्लाक के क्यारी–चापड़ा, कौडूं-कटखेत, सरोट-खांड, विडकोट, लवाणी–कस्तल, बंस्यूल–क्यार्दा, गोचमेर-बगालचक, घियाकोटी-घोन, कंडीसौड़, स्यांसू, उप्पु सिंराई, भल्डियाना आदि में गुलदार बकरियों व पालतु जानवरों को अपना निवाला बना चुका है। कई लोग गुलदार को क्षेत्र में घूमते हुए देख चुके हैं। जिसके चलते ब्लाक थौलधार के दर्जनों गांवों में गुलदार के हमले का खतरा बना हुआ है। जिसे देखते हुए अहतियाती कदत उठाते हुए वन विभाग के अधिकारी इन गांवों में आमदखोर गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने का काम करें।

# पुलिस मानसून सत्र को लेकर चौकस रहें : डोबाल

चमोली : पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल ने चमोली जिले के सभी पुलिस अधिकारियों, थानाध्यक्षों, चौकी प्रभारियों सहित पूरे पुलिस बल को आगामी मानसून सत्र को देखते हुए चौकस रहने, आपदा में काम आने वाले सभी उकरणों को हर वक्त तैयार रखने के निर्देश दिये। पुलिस लाइन गोपेश्वर के सभागार में आयोजित मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल ने बदरीनाथ और हेमकुंड साहिब यात्रा की समीक्षा करते हुये सुगम एवं सुरक्षित यात्रा संचालन में अब तक पुलिस बल द्वारा की गयी ड्यूटी की सराहना करते हुए पुलिस अधिकारियों सहित पुलिस बल को प्रोत्साहित किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आगामी मानसून सीजन को देखते हुए विषम भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते चौकस रहना जरूरी है। आपदा में कार्य आने वाले उपकरणों को सही हालात में रखना जरूरी है। साथ ही जिले के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत निवास कर रहे नेपाली/बाहरी व्यक्ति, किराएदार, फड़-फेरी वालों, घरेलू नौकरों एवं संदिग्ध व्यक्तियों के शत प्रतिशत सत्यापन हेतु डोर टू डोर सत्यापन अभियान चलाने के निर्देश दिए।

## केदारनाथ में एक कुंतल कूड़ा किया एकत्र

रुद्रप्रयाग : उच्च न्यायालय उत्तराखंड एवं शासन के निर्देशों पर इन दिनों स्वच्छता जागरूकता सप्ताह चलाया जा रहा है। शनिवार को केदारनाथ नगर पंचायत में सफाई अभियान चलाया गया। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत केदारनाथ चंद्रशेखर चौधरी ने बताया कि स्वच्छता सप्ताह कार्यक्रम में केदारनाथ नगर पंचायत द्वारा केदारनाथ धाम में मंदाकिनी पुल से लेकर हिमलोक कॉलोनी तक विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिससे सड़क किनारे एवं आसपास के क्षेत्र से लगभग डेढ़ कुंतल कूड़े एवं प्लास्टिक कचरे को एकत्रित किया गया।

# तीन दिवसीय बाल फिल्म महोत्सव शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : तीन दिवसीय बाल फिल्म महोत्सव का ऑडिटोरियम पौड़ी में उद्घाटन हुआ। इस महोत्सव की सभी जिम्मेदारियां शहर के विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा उठाई गई है। अगले तीन दिनों तक कला प्रदर्शनी भी आयोजित की जा रही है, जिसमें पौड़ी शहर के कई कलाकारों की चित्रकला को प्रदर्शित किया जा रहा है।

पहले दिन जिला आपूर्ति अधिकारी केएस कोहली, बारामास के संस्थापक राहुल कोटियाल ने दीप प्रज्ज्वलित फिल्म महोत्सव का उद्घाटन किया। पहले सत्र में बारामासा टीम द्वारा बनाई डॉक्यूमेंट्री फिल्म रम्माण दिखाई गई। रम्माण उत्सव यूनेस्को की विश्व धरोहर में शामिल एक मात्र उत्तराखंडी उत्सव है, जोकि चमोली जिले के सलूड़ गांव में मनाया जाता है। करीब 30 मिनट की डॉक्यूमेंट्री देखने के बाद निर्माता बारामासा टीम के संस्थापक राहुल ने बच्चों के साथ इस फिल्म से जुड़े तथ्यों पर बातचीत की। साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया और किशोर विषय पर अपने विचार रखे। आखिरी सत्र में अलग-अलग स्कूल से आए बच्चों ने अपनी जिज्ञासा अनुसार फिल्मों, पत्रकारिता, रम्माण, बारामासा के अन्य कामों और भविष्य को लेकर बहुत से प्रश्न किए जिनका जवाब आज के मेहमान राहुल द्वारा दिया गया। पौड़ी बाल फिल्म महोत्सव आयोजन समिति में जिला प्रशासन, जीआईसी, जीजीआईसी, एमआईसी, सेंट थॉमस और डीएवी पौड़ी के बच्चे, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन और शिक्षक आशीष नेगी, प्रदीप रावत, कृपाल सिंह, श्वेता, पूजा, वैभव, प्रियंका आदि शामिल हैं।

# स्वच्छता मानव जीवन का अहम हिस्सा



नई टिहरी : नगर पंचायत लंबगांव ने साप्ताहिक स्वच्छता कार्यक्रम अभियान के तहत नगर क्षेत्र में जागरूकता रैली निकालते हुए वृहत स्वच्छता अभियान चलाया। आम लोगों से गीले-सूखे कूड़े के सेग्रीगेशन को लेकर सचेत होकर काम करने की अपील कर कहा कि सोर्स से कूड़े का पृथक्कीकरण स्वच्छता अभियान के अहम रोल निभाता है। स्वच्छता जागरूकता रैली का नेतृत्व करते हुए राज्य निर्माण आंदोलनकारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवी सिंह पंवार, व्यापार मंडल अध्यक्ष पूर्व सैनिक युद्धवीर सिंह राणा और ईओ नपं हयात सिंह रौतेला ने समस्त जनमानस को स्वच्छता की जानकारी विभिन्न पहलुओं पर दी। नगर में रैली निकालने क बाद राज्य आंदोलनकार देवी सिंह पंवार ने शहीद विजेंद्र सिंह चौहान स्मारक पर सभी नगर वासियों, कर्मचारियों व जनप्रतनिधियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर पंवार ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता मानव जीवन का अहम हिस्सा है।

इसे अपने घरों तक सीमित न रखकर नगर और क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर अपनी भागीदारी तय कर इसमें भाग लें। कूड़ा निस्तारण पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहद जरूरी है।

## 21 जून को मनाया जाएगा योग महोत्सव

नई टिहरी : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का केंद्रीय योग महोत्सव इस बार श्रीरघुनाथ कीर्ति परिसर देवप्रयाग में भव्य तरीके से मनाया जायेगा। योग महोत्सव में विवि सहित देशभर के सभी 12 परिसरों, पंतजलि योग विद्यापीठ हरिद्वार, श्रीजगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विवि के छात्र छात्राएं भी प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्कृत विवि कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी होंगे। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इस बार श्रीरघुनाथ कीर्ति परिसर देवप्रयाग में भव्य तरीके से मनाया जाएगा।

योग महोत्सव में उड़ीसा, राजस्थान, हिमाचल, केरल, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मुंबई, उत्तर प्रदेश सहित देश के अन्य राज्यों में स्थित परिसरों के छात्र-छात्राएं अध्यापक सामूहिक देवप्रयाग संस्कृत परिसर में प्रतिभाग करेंगे। योग महोत्सव में राज्य के अनेक महत्त्वपूर्ण व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है। देवप्रयाग के संस्कृत परिसर में विभिन्न परिसरों की टीमें पहुंचनी शुरू हो गई है। बताया उन्हें देवप्रयाग के नरसिंहाचल पर्वत की चोटी प्राचीन नरसिंह मंदिर तक ट्रैकिंग कराई जाएगी और सांय को गंगा आरती में भी शामिल किया जायेगा।


उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

निविदा विस्तार सूचना

... निविदा सं० 02/23–24 ... 24.06.2023 ... 15.00 ...

अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

(Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

... www.ireps.gov.in ...

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या | 03-DRM-MB-23-24 Dt : 16.06.2023 |
| कार्य का नाम | Cutting & Stacking of trunks and branches of dangerous trees near Railway track in the section of DEN/V/MB |
| टेन्डर क्लोजिंग दिनांक | 11.07.2023 |
| टेन्डर क्लोजिंग समय | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 39,69,480.00 |
| धरोहर राशि | 79,400.00 |
| टेन्डर फार्म की लागत | शून्य |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 27.06.2023 |

टेण्डर नं. DEN-V/Publication/51-53/23 दिनांक : 16.06.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# केजरीवाल की नजर लोकसभा चुनाव पर

दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली करके आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर अपनी राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा जाहिर की है। उन्होंने रैली में जिस अंदाज में भाषण किया और जो मुद्दे उठाए उससे भी लग रहा है कि वे लोकसभा चुनाव को ध्यान में रख कर काम कर रहे हैं। उन्होंने अपने भाषण में 12 साल पहले की याद दिलाई, जब इसी रामलीला मैदान में अन्ना हजारे के नेतृत्व में इंडिया अगेंस्ट करप्शन का आंदोलन चला था। केजरीवाल उस आंदोलन के सूत्रधार थे। तब उस आंदोलन का फायदा भाजपा उठा ले गई थी क्योंकि तब केजरीवाल की पार्टी नई थी और उसके पास पूरे देश में संगठन नहीं था। अब वे पूरे देश में चुनाव लडने़ को तैयार हैं। तभी उन्होंने दिल्ली सरकार के अधिकारियों के तबादले और नियुक्ति को लेकर केंद्र की ओर से लाए गए अध्यादेश को अखिल भारतीय रूप दिया है।

केजरीवाल ने कहा कि यह सिर्फ दिल्ली का मामला नहीं है। उन्होंने राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र का जिक्र करते हुए कहा कि कल इस तरह का अध्यादेश किसी भी राज्य में लागू हो सकता है। उन्होंने सभी राज्यों को चेतावनी दी और संविधान से लेकर संघीय ढांचे के खतरे का भय दिखाया। केजरीवाल ने अपने भाषण में 140 करोड़ लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अध्यादेश के मसले पर देश के 140 करोड़ लोग दिल्ली वालों के साथ हैं। इससे पहले सिर्फ प्रधानमंत्री ही 140 करोड़ लोगों का जुमला बोलते थे। रामलीला मैदान से केजरीवाल ने भी यह जुमला बोला। रैली से पहले वे देश भर में घूमे हैं और विपक्षी पार्टियों के नेताओं से मिले हैं। उनकी रैली में एक और खास बात यह रही कि जाने माने वकील और कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे कपिल सिब्बल संविधान विशेषज्ञ के रूप में शामिल हुए। ध्यान 12 साल पहले की रैली में संविधान विशेषज्ञ प्रशांत भूषण थे और आज सिब्बल हैं। उनके मंच पर होने से केजरीवाल के मुद्दे को वैधता मिली है।

# मायूसी एक भ्रम है!

हमेशा ऐसा ही रहेगा, जब दुनिया विकास के पथ पर नए मुकाम हासिल करेगी, लेकिन लोग यही कहते सुने जाएंगे कि चीजें पहले बहुत अच्छी थीं। एक ताजा अध्ययन से भी इसी बात की पुष्टि हुई है। लोग मान रहे हैं कि नैतिकता का पतन हो रहा है।

तकरीबन तीन दशक पहले निराशावाद पर एक किताब आई थी। उसमें कहा गया था कि दुनिया में हमेशा ऐसा रहेगा, जब दुनिया विकास के पथ पर नए मुकाम हासिल करेगी, लेकिन लोग यही कहते सुने जाएंगे कि चीजें पहले बहुत अच्छी थीं। एक ताजा अध्ययन से सामने आए निष्कर्ष ने उस किताब की याद ताजा कर दी है। आज अधिकांश लोग यही मान कर चल रहे हैं कि मनुष्य में दया, दूसरे के लिए सम्मान का भाव, और ईमानदारी जैसे गुण खत्म होते जा रहे हैं। बहरहाल, मनोवैज्ञानिकों ने आगाह किया है कि ऐसी राय सिर्फ एक स्वभावगत भ्रम है। नए अध्ययन की रिपोर्ट मशहूर पत्रिका नेचर के ताजा अंक में प्रकाशित हुई है। अध्ययन 60 देशों में हुए एक सर्वेक्षण पर आधारित है। इस सर्वे के दौरान ज्यादातर लोगों ने यही राय जताई कि बीते छह–सात दशकों में नैतिकता में भारी गिरावट आई है। यह अध्ययन अमेरिका के कोलंबिया बिजनेस स्कूल में अनुसंधानकर्ता एडम मैस्त्रियानी के नेतृत्व में हुआ।

इस दौरान लोगों से एक सवाल यह पूरा गया कि उनकी राय में 2020, 2010 और साल 2000 में कौन सा ऐसा वक्त था, जब स्थितियां बेहतर थीं। दौरान आम राय उभरी की अब दया की भावना और नैतिकता में गिरावट आई है। ऐसी राय हाई स्कूल में पढ़ रहे छात्रों से लेकर उनके माता–पिता की पीढी तक ने जताई। लिबरल से लेकर कंजरवेटिव दोनों तरह के व्यक्तियों को इस मामले में एकमत पाया गया। मगर खुद इसी अध्ययन से जुड़े विशेषज्ञों ने ध्यान दिलाया है कि दशकों पहले हुए सर्वेक्षणों में भी लोगों ने ऐसी ही राय जताई थी। इसका अर्थ यह हुआ कि नैतिक पतन की बात एक भ्रम है। दरअसल, ऐसे कई संभव कारण हो सकते हैं, जिनकी वजह ऐसा भ्रम पैदा होता है। मनोवैज्ञानिकों के मुताबिक इनसान का स्वभाव ऐसा है, जिसमें वह नकारात्मक सूचनाओं पर अधिक ध्यान देता है। इसके अलावा देखा गया है कि मनुष्य की बुरी यादें अच्छी यादों की तुलना जल्दी भूल जाती हैं। ऐसे में अक्सर यह महसूस होता है कि पहले स्थितियां बेहतर थीं। यानी मनुष्य का यही स्वाभाव ऐसे भ्रम का कारण बनता है।

# इतने देर तक ही दांतों पर रगडऩा चाहिए ब्रश, नहीं तो झड़ सकते हैं दांत



हम शारीरिक रूप से स्वस्थ्य हैं या नहीं यह काफी ज्यादा महत्व रखता है ठीक उसी तरह हमारा ओरल हेल्थ भी मायने रखता है. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अगर आप मुंह को ठीक ढंग से साफ नहीं करेंगे तो दिल की बीमारी का खतरा बढ़ सकता है. ऐसे में यह सबसे जरूरी है कि आप अपने फिटनेस से लेकर यानि हेल्थ से लेकर ओरल हेल्थ की सफाई काफी ज्यादा जरूरी है. कुछ लो ऐसे भी हैं जिन्हें काफी देर तक ब्रश करना पसंद है क्योंकि उन्हें लगता है कि देर तक ब्रश रगडऩे से दांत साफ हो जाता है. लेकिन आपकी जानकारी के लिए बता दें कि यह कॉमन सी दिखने वाली गलितयां आपके लिए नुकसानदायक हो सकती है.

**दांतों को साफ रखने के फायदें** सही तरीके से अगर आप ब्रश करते हैं तो दांतों में प्लाक की दिक्कत नहीं हो सकती है.

दांतों की कैविटी को वक्त रहते रोका जा सकता है. मसूड़ों से जुड़ी बीमारियों को वक्त रहते रोका जा सकता है. ओरल कैंसर का जोखिम भी कम रहता है.

**कितनी देर तक ब्रश करना चाहिए** रिपोर्ट के मुताबिक रोजाना एक दिन में 2 बार ब्रश करना चाहिए. साथ ही 2 मिनट से ज्यादा ब्रश नहीं करना चाहिए. अगर आप इससे ज्यादा देर तक अपने दातों पर रगड़ते रहेंगे तो दांतों में जमा प्लाक को हटा नहीं पाएंगे. 2009 में आई एक रिसर्च के मुताबिक कुछ लोग ब्रश करने में सिर्फ 45 सेकेंड लेते हैं. ऐसा करने से आपके दांत का इनैमल खराब हो जाता है.

**किस तरह का टूथब्रश दांतों के लिए अच्छा होता है** दांतों को साफ करने के लिए हमेशा सॉफ्ट ब्रिसल्स वाले टूथब्रश कै ही इस्तेमाल करना चाहिए. हार्ड ब्रिसल्स की वजह से दांतों को इनैमल खराब हो सकते हैं. साथ ही मसूड़ों में भी दिक्कत शुरू हो सकती है. इसलिए अगर ब्रश के ब्रिसल्स खराब होने लगे तो उसे तुरंत ठीक करवाएं.

**कैसा टूथपेस्ट इस्तेमाल करना चाहिए?** ऐसा टूथपेस्ट का इस्तेमाल करना चाहिए जिसमें फ्लोराइड की मात्रा एकदम सही हो. एडल्ट लोगों के टूथपेस्ट में 1350 पीपीएम फ्लोराइड होना चाहिए.

# राहुल अकेले, न थके, न डरे और न निराश हुए!

**शकील अख्तर**

राहुल का कोई इलाज है नहीं। भाजपा और गोदी मीडिया के साथ कांग्रेसियों के पास भी नहीं। ऐसी शख्सियतें कुदरत खुद बनाती है। और उसमें वे साफ्ट और हार्ड वेयर होते हैं जो बदलते नहीं। गोदी मीडिया रोज पूछता था राहुल का प्रोग्राम खत्म हो गए अब वे क्या कर रहे हैं। राहुल ने खुद ही बता दिया कि वे भारत के बाद अब अमेरिका में ट्रकों में घूम रहे हैं।

राहुल जिस तरह देश को और देश को लोगों को जानने की कोशिश कर रहे हैं। उससे कुछ पुराने लोगों के नाम याद आ जाते हैं। लेकिन यह कोई तुलना नहींहैं। वे बड़े लोग थे इसलिए उनका काम याद आना स्वाभाविक है। हां बस इतनाकह सकते हैं कि राहुल गांधी शायद उस रास्ते पर चलने की कोशिश कर रहे हैं।

पहला नाम तो फारुख अब्दुल्ला ने तब लिया था जब राहुल अपनी भारत जोड़ोयात्रा को लेकर जम्मू कश्मीर के बार्डर लखनपुर पर पहुंचे थे। वहां उनकास्वागत करने आए जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुल्ला ने

कहा था इस तरह दक्षिण से पैदल चलते हुए इससे पहले केवल आदि शंकराचार्यकश्मीर आए थे। हम लोगों ने उन्हें देखा नहीं। बस सुना है। मगर आज राहुलगांधी आए हैं। और हम सब इस ऐतिहासिक क्षण के गवाह बन रहे हैं। राहुल कीखासियत यह है कि वे किसी भी प्रशंसा से प्रभावित नहीं होते हैं। आलोचनाकी तरह प्रशंसा को भी सामान्य भाव से लेते हैं।

खैर। दूसरा नाम जो अपने आप याद आते है वह महान यायावर राहुल सांकृत्यायनका है। फिर कह रहे हैं कि यह कोई तुलना नहीं। सिर्फ इतना है कि राहुलगांधी उस रास्ते पर चलते दिख रहे हैं। बड़े लोगों के रास्ते पर चलना भीबहुत कठिन है। बड़े लोग नए रास्ते बनाते हैं। कांटों से भरे हुए। अनजान।

राहुल साकृंत्यायन तिब्बत, चीन. नेपाल, श्रीलंका, सोवियत संघ, जापान,कोरिया, ईरान, इंग्लेंड, यूरोप जाने कहां कहां और देश में हर जगह लद्दाख,कश्मीर गए। सीखने, जानने। राहुल कैलाश मानसरोवर की पैदल यात्रा कर आए।

अभी पांच महीने लगातार चलते रहे। चरैवेती, चरैवेती! कन्याकुमारी सेश्रीनगर तक चार हजार किलोमीटर की यात्रा। बहुत फास्ट। हर रोज सुबह छह बजेनिकलना चाहते थे। पच्चीस किलोमीटर रोज। मगर साथ में सौ से ज्यादा भारतयात्री थे। मतलब जो लगातार कन्याकुमारी से कश्मीर तक साथ चले। इनमेंमहिलाएं भी थीं। और बुजूर्ग भी।

राहुल सबका ख्याल रखते हैं। रोज रात कोसबके साथ खाना खाते हुए सुबह छह बजे निकलने का मजाक भी करते थे। और छहबजे तैयार होकर खुद अपने कंटेनर से बाहर आकर वार्मअप करते हुए सात बजे तकसबका इंतजार भी करते थे। फिर राष्ट्रगान के बाद तिरंगा फहराकर चलने सेपहले आज 25 से कम नहीं चलना है, का चैंलेज देते हुए शरारती मुस्कान के साथअपने तेज कदम बढ़ा देते थे। मगर शाम को 20– 21 किलोमीटर पर समझौता करलेते थे। कभी कभी 22 झ 23 किलोमीटर भी चला दिया है। उस दिन हंसकर कहते थेकि लगता है कल आप सब 25 से कम पर नहीं रुकेंगे!

राहुल का खुद का स्टेमना जबर्दस्त है। और उससे भी बढ़कर उनकी विल पावर (आत्मबल)। या उसे एक हद



राहुल सबका ख्याल रखते हैं। रोज रात कोसबके साथ खाना खाते हुए सुबह छह बजे निकलने का मजाक भी करते थे। और छहबजे तैयार होकर खुद अपने कंटेनर से बाहर आकर वार्मअप करते हुए सात बजे तकसबका इंतजार भी करते थे। फिर राष्ट्रगान के बाद तिरंगा फहराकर चलने सेपहले आज 25 से कम नहीं चलना है, का चैंलेज देते हुए शरारती मुस्कान के साथअपने तेज कदम बढ़ा देते थे। मगर शाम को 20– 21 किलोमीटर पर समझौता करलेते थे। कभी कभी 22 झ 23 किलोमीटर भी चला दिया है। उस दिन हंसकर कहते थेकि लगता है कल आप सब 25 से कम पर नहीं रुकेंगे!
राहुल का खुद का स्टेमना जबर्दस्त है। और उससे भी बढ़कर उनकी विल पावर (आत्मबल)।

तक जिद भी कह सकते हैं। पूरी सर्दी टी शर्ट हीपहने रहे। मां सोनिया गांधी, बहन प्रियंका गांधी किसी की नहीं सुनी। वहतो यात्रा के समापन पर श्रीनगर के शेर ए कश्मीर क्रिक्रेट स्टेडियम मेंजबर्दस्त बर्फबारी हो रही थी राहुल ने फिरन ( एक ओवरकोट नुमा कश्मीरीवस्त्र) पहन लिया था नहीं तो वहां भी वे अपनी युनिफार्म बना ली सफेद टीशर्ट में ही दिखते।

देखिए कितना मजेदार है अपने यहां कि यह भारत की सबसे लंबी लगातार पैदलयात्रा मगर इस पर अभी तक कोई किताब नहीं। तत्काल लिखने वालों की किताबेंतो 15 दिन में आ जाती हैं। और बिक भी जाती हैं। मगर लेखन के सारे मसालेहोने का बावजूद करीब साढ़े चार महीने हो गए किसी लोकप्रिय लेखक की हिम्मतइस पर लिखने की नहीं हुई। कोई गंभीर लेखक, पत्रकार लिख रहे हों तो पतानहीं। मगर उनकी भी किताब आएगी तभी जब सत्ता बदल जाए।

इस समय तो ट्वीटर के पूर्व सीईओ जैक डोर्सी कह रहे हैं कि किसान आंदोलनके समय ट्विटर पर सरकार ने कितना दबाव डाला था। और छापे मारने की धमकियांदी थीं। बीबीसी पर तो मारे ही गए। ऐसे में कौन राहुल की इस प्रेम भरी,नफरत विरोधी यात्रा पर किताब लिखने का साहस करेगा। हो सकता है अभी जबइसका पार्ट टू हो जाए। पूर्व से पश्चिम का तो सबसे पहले किसी विदेशी लेखककी ही किताब हमारे सामने आ जाए। आखिर फादर कामिल बुल्के का नाम राम कथाकी उत्पत्ति पर सबसे प्रमाणिक शोध के लिए लिया जाता है।

ऐसे ही बहुत सारेविदेशी लेखक हैं जिन्होंने भारत पर और भारतियों पर बहुत अच्छा लिखा है।जिस फिल्म के बारे में मोदी ने कहा हांलाकि यह जरा भी सच नहीं कि गांधीफिल्म से दुनिया ने गांधी को जाना मगर फिर भी गांधी पर सबसे अच्छी फिल्मरिचर्ड एटनबरो द्वारा ( विदेशी) बनाई गई थी। तो हो सकता है सबसे पहलीभी और विस्तृत भी किताब किसी विदेशी की हो।

बहरहाल अगर सरकार कोई और आती है तो केवल राहुल की भारत जोड़ो यात्रा परही नहीं, किसान आंदोलन, कोरोना की मौतें, नदियों में शव बहाना, रेत मेंगाड़ देना, पुलों से नीचे फैकना, मजदूरों का हजारों किलमीटर बच्चों,बुजुर्गों के साथ पैदल अपने गांवों के लिए जाना। भारत की सबसे कठिन औरमजबूरी की तो यह यात्रा रही है।

साहित्य में ऐसी मानवीय त्रासदियों पर बहुत गहराई से और संवेदना के साथलिखा गया है। मगर इस समय तो इस किताब के शीर्षक की तरह " नो वन हेड अ टंगटू स्पेक " की तरह किसी के पास जबान नहीं है। यह किताब एक प्रवासीभारतीय उत्पल संदेसरा और टाम वूटन एक विदेशी ने इतिहास की एक सबसे घातक

बाढ़ जो 1979 में गुजरात में मच्छू बाँध टूट गया था पर लिखी है। बहुतबड़ी त्रासदी थी। देश की सबसे बड़ी। हजारों लोग मरे थे। बीस हजार सेज्यादा। इन्दिरा गांधी विपक्ष में थीं। बेलछी की तरह ही यहां भी पहुंचीथीं। प्रधानमंत्री चरण सिंह थे और मुख्यमंत्री जनता पार्टी के ही बाबूभाई पटेल थे। सरकार ने इसे एक्ट आफ गॉड कहा था। उस समय भी यही माहौल था।मौसम भी अच्छा हो तो मेरे भाग्य से और सरकारी लापरवाही, अव्यवस्था सेबांध टूट जाए तो ऊपर वाले का करना!

देश की यह सबसे बड़ी त्रासदी थी। इतनी लाशें थीं इतनी बदबू थी कि चलना मुश्किल था। मगर इन्दिरा गांधी नहीं मानीं और घटना स्थल का दौरा किया। पूरा बह गया मोरबी शहर देखा। पीड़ित परिवारों से मिलीं।मगर आज तो सामान्य पत्रकारिता नहीं हो पा रही है। मणिपुर में डेढ़ महीना हो गया है। हालत यह है कि पहाड़ का आदमी राजधानी इम्फाल नहीं आ सकता। औरइम्फाल का पहाड़ नहीं जा सकता। समाज पूरी तरह विभाजित कर दिया है। एक लाखसे ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं।

120 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। पहलेदिन 3 मई की लाशें अभी तक अस्पतालों में पड़ी हुई हैं। सुरक्षा बलों केहथियार गोला बारूद लूटे गए हैं। मगर आज तक प्रधानमंत्री ने एक शब्द नहींबोला। और मीडिया भी उसी के अनुरूप खामोश है। मणिपुर से हजार गुना ज्यादा खबरें वह रूस युक्रेन युद्ध की दिखा चुका है। वहां सब चैनलों की कई कईटीमें हो आईं है। और यहां मणिपुर कोई एक चैनल भी नहीं गया।

तो इन विपरित परिस्थितयों में अगर कोई लगातार जनता की बात कह रहा है तोवह राहुल ही है। न डरा, न थका, न निराश हुआ। ऐसे लोग बिरले ही होते हैं।और जैसा हमने शुरू में लिखा कि सुधर नहीं सकते। चाहे कुछ हो जाए आम जनताके लिए काम करते रहते हैं।ज्' कर्मण्येवाधिकारस्ते!

# डाटा लीक की हकीकत क्या है?

**अजीत द्विवेदी**

आज के डिजिटल जमाने में डाटा लीक होना, सुरक्षित से सुरक्षित सर्वर का हैक हो जाना या पोर्टल में घुसपैठ होना कोई नई या बड़ी बात नहीं है। दुनिया के सबसे विकसित डिजिटल सुरक्षा वाले देशों में भी ऐसा होता रहा है। यह हकीकत है कि सुरक्षा प्रबंधन का काम देखने वाले तकनीकी विशेषज्ञ और हैकर्स में तू डाल डाल, मैं पात पात वाला खेल चल रहा है। सुरक्षा के विशेषज्ञ एक फायरवाल तैयार करते हैं और हैकर्स उसमें सेंध लगाने के रास्ते तलाशते हैं। यह सतत चलने वाली प्रक्रिया है। इसमें कुछ भी स्थायी नहीं है। अगर कोई सरकार या संस्थान यह समझ रहा है कि उसने एक फुलप्रूफ व्यवस्था बना ली है तो यह उसका भ्रम है। तभी जब भारत सरकार के कोविन पोर्टल से नागरिकों का डाटा लीक होने की खबर आई तो उस पर सरकार की प्रतिक्रिया हैरान करने वाली थी। भारत सरकार के गृह मंत्रालय से लेकर सूचना व प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य मंत्रालय ने पहली प्रतिक्रिया में कहा कि ऐसा नहीं हुआ हो सकता है। यह असंभव है। कोविन पोर्टल से डाटा लीक हो ही नहीं सकता है। यह बहुत हास्यास्पद प्रतिक्रिया है।

सरकार कह रही है कि डाटा लीक नहीं हुआ है और पोर्टल पूरी तरह से सुरक्षित है। यहां तक कहा गया कि कोरोना की वैक्सीन लगवाने वाले लोगों का डाटा कोविन पोर्टल से लीक होने की खबरें 'निराधार और शरारतपूर्णइ हैं। इसके बावजूद सरकार ने इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम को इसकी जांच के आदेश दे दिए। अब सवाल है कि डाटा लीक की खबर को 'निराधार और शरारतपूर्णइ बताने के निष्कर्ष पर सरकार किस जांच के आधार पर पहुंची? और जब इस निष्कर्ष पर पहुंच गई तो फिर अब आगे इसकी कौन सी जांच होगी? जाहिर है सरकार ने कोई जांच कराए बगैर अपना निष्कर्ष पहले जारी कर दिया और जांच के आदेश उसके बाद दिए। सो, अंदाजा लगाया जा सकता है कि जांच में क्या नतीजा निकलेगा? जो भी जांच होगी वह अंत में सरकार के निष्कर्ष की ही पुष्टि करेगी। यह तो नहीं हो सकता है कि कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम तीन मंत्रालयों से अलग हट कर रिपोर्ट दे कि डाटा चोरी हुआ है!

सरकार की प्रतिक्रिया में इतने विरोधाभास हैं कि उससे संदेह और गहरा हो जाता है। एक तो निष्कर्ष पर पहुंचने के बाद जांच के आदेश देना और दूसरे सूचना व प्रौद्योगिकी मंत्रालय का यह कहना चिंता और संदेह पैदा करता है कि अभी जो डाटा टेलीग्राम



के बॉट अकाउंट से लीक हुआ है और शेयर किया जा रहा है वह पहले चोरी हुए डाटा का हिस्सा हो सकता है। इसका मतलब है कि पहले कोविन पोर्टल या आधार का डाटा चोरी हो चुका है। इसलिए सरकार को बताना चाहिए कि कब इनके पोर्टल में सेंध लगी थी? उस समय कितने लोगों का डाटा चोरी हुआ और उसके बाद फिर चोरी न हो, पोर्टल में सेंध न लगे इसके लिए सरकार ने क्या नए बंदोबस्त किए? इससे पहले 2021 और 2022 में भी कोविन पोर्टल से डाटा चोरी होने की खबरें आई थीं लेकिन तब भी सरकार ने बहुत साफ शब्दों में इन खबरों को खारिज किया था और कहा था कि कोई डाटा चोरी नहीं हुआ, पोर्टल पूरी तरह से सुरक्षित है। अब सरकार खुद कह रही है कि पहले चोरी किया हुआ डाटा शेयर किया जा रहा है।

यहां यह भी कंफ्यूजन है कि पहले जो डाटा चोरी हुआ था वह आधार का था या कोविन पोर्टल का था? ध्यान रहे 2018 में तब के सूचना व प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने संसद में कहा था कि आधार का डाटा किसी हाल में चोरी नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि अरबों बार कोई प्रयास करे तब भी डाटा नहीं चुरा सकता है। मौजूदा आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव रेल मंत्री भी हैं और हाल में बालासोर में हुई भीषण ट्रेन दुर्घटना में उनका बचाव इस आधार पर किया गया कि वे आईआईटी से पढ़े हैं और आईएएस बने थे। उनके मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि पहले चोरी हुआ डाटा शेयर किया जा रहा है। इसका मतलब उनका मंत्रालय पिछले मंत्री पर ठीकरा फोड़ रहा है। हालांकि जो डाटा शेयर किया जा रहा है वह आधार का डाटा नहीं है, बल्कि कोविन पोर्टल का डाटा है। इसमें उन लोगों के डिटेल शेयर किए जा रहे हैं, जिन्होंने कोरोना की वैक्सीन लगवाई है। इसमें आधार नंबर के साथ साथ वैक्सीनेशन की तारीख और जगह भी बताया जा रहा है। तभी जाहिर है यह डाटा बहुत पुराना नहीं है, बल्कि जनवरी 2021 के बाद का है, जब भारत में वैक्सीनेशन की शुरुआत हुई थी। वैसे भी यह जिम्मेदारी से पीछा छुड़ाने या दूसरे पर ठीकरा फोडऩे का मामला नहीं है। यह बहुत चिंताजनक घटना है।

पहले तो भारत सरकार ने हर नागरिक को आधार नंबर लेने के लिए मजबूर किया। उसमें हर व्यक्ति का एक एक डाटा लिया गया। उंगलियों के निशान से लेकर आंखों के पुतलियों तक को स्कैन करके कंप्यूटर में रखा गया। फोन नंबर से लेकर घर का पता उसमें दर्ज हुआ। उसके बाद सरकार ने आधार नंबर को बैंक खातों से जोडऩे के लिए हर व्यक्ति को मजबूर किया। आधार नंबर और पैन कार्ड को लिंक कराया गया और आधार नंबर को आयकर रिटर्न के साथ भी जोड़ा गया। इसके बाद जब वैक्सीनेशन की प्रक्रिया शुरू हुई तो आधार और मोबाइल नंबर के जरिए ही उसका रजिस्ट्रेशन शुरू हुआ। अब सोचें, अगर किसी व्यक्ति का आधार और मोबाइल नंबर लीक होकर हैकर या ऑनलाइन फ्रॉड करने वालों के हाथ में पहुंच जाए तो क्या नुकसान हो सकता है? वैसे भी भारत में डाटा सुरक्षा का पुख्ता कानून नहीं है और हजारों करोड़ रुपए का क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन बैंकिंग फ्रॉड हर साल होता है। लोगों के खातों से पैसे गायब हो जाते हैं। अगर डाटा लीक होने की खबर सही है तो अब किसी हैकर को अलग से किसी के खाते में सेंध लगाने के लिए मेहनत करने की जरूरत नहीं होगी। उसे ऑनलाइन डाटा उपलब्ध है, जिसका इस्तेमाल करके वह करोड़ों लोगों को चूना लगा सकता है।

सरकार का कहना है कि कोविन पोर्टल से डाटा हासिल करने के तीन तरीके हैं। पहला तरीका यूजर्स के लिए है, जो ओटीपी के जरिए डाटा हासिल कर सकते हैं। दूसरा तरीका वैक्सीनेटर यानी वैक्सीन लगाने वाले के लिए है, जो ऑथोराइजेशन के जरिए डाटा हासिल कर सकता है। तीसरा तरीका थर्ड पार्टी ऐप के लिए है और उसे भी ऑथोराइजेशन के जरिए ही डाटा हासिल होगा। अब सवाल है कि इनमें से किस तरीके का इस्तेमाल करके टेलीग्राम के बॉट अकाउंट ने कोविन पोर्टल का डाटा हासिल किया? इसकी गंभीरता से जांच करानी चाहिए। शुतुरमुर्ग की तरह गर्दन रेत में गाडऩे से काम नहीं चलेगा। पिछले छह महीने में दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान यानी एम्स का सर्वर दो बार हैक हो चुका है। कई दिनों तक सर्वर डाउन रहा और हजारों मरीजों का डाटा चोरी हुआ है। सरकार ने इसे

आधार नंबर और पैन कार्ड को लिंक कराया गया और आधार नंबर को आयकर रिटर्न के साथ भी जोड़ा गया। इसके बाद जब वैक्सीनेशन की प्रक्रिया शुरू हुई तो आधार और मोबाइल नंबर के जरिए ही उसका रजिस्ट्रेशन शुरू हुआ। अब सोचें, अगर किसी व्यक्ति का आधार और मोबाइल नंबर लीक होकर हैकर या ऑनलाइन फ्रॉड करने वालों के हाथ में पहुंच जाए तो क्या नुकसान हो सकता है? वैसे भी भारत में डाटा सुरक्षा का पुख्ता कानून नहीं है और हजारों करोड़ रुपए का क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन बैंकिंग फ्रॉड हर साल होता है। लोगों के खातों से पैसे गायब हो जाते हैं। अगर डाटा लीक होने की खबर सही है तो अब किसी हैकर को अलग से किसी के खाते में सेंध लगाने के लिए मेहनत करने की जरूरत नहीं होगी। उसे ऑनलाइन डाटा उपलब्ध है, जिसका इस्तेमाल करके वह करोड़ों लोगों को चूना लगा सकता है।
सरकार का कहना है कि कोविन पोर्टल से डाटा हासिल करने के तीन तरीके हैं। पहला तरीका यूजर्स के लिए है, जो ओटीपी के जरिए डाटा हासिल कर सकते हैं। दूसरा तरीका वैक्सीनेटर यानी वैक्सीन लगाने वाले के लिए है, जो ऑथोराइजेशन के जरिए डाटा हासिल कर सकता है।

स्वीकार भी किया है। इसलिए कोविन पोर्टल से डाटा लीक होने के मामले में बिना जांच के ही इनकार की मुद्रा अख्तियार कर लेना एक गलत प्रवृत्ति का इशारा है। यह अच्छी बात है कि सरकार ने नेशनल डाटा गवर्नेंस पॉलिसी का मसौदा तैयार कराया है, जिसमें सभी सरकारी डाटा के स्टोरेज, एक्सेस और सिक्योरिटी का एक साझा फ्रेमवर्क तैयार किया गया है। इसे जल्दी लागू किया जाए और डाटा सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सुरक्षा उपायों की नियमित समीक्षा की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। साथ ही जो डाटा चोरी हुआ है उसका दुरुपयोग न हो, यह भी सुनिश्चित करने का प्रयास सरकार को करना चाहिए।

# भूलकर भी न करें किसी और की कंघी का इस्तेमाल, बालों को हो सकता है भारी नुकसान

ऐसा शायद आपके साथ भी कभी ना कभी हुआ हो कि आप किसी पार्टी या फंक्शन में गईं हो और अपने बालों को संवारना हो लेकिन आप अपनी कंघी ले जाना भूल गई. ऐसे में आप अपनी सहेली से कंघी मांगती हैं और उसकी इस्तेमाल की हुई कंघी अपने बालों में इस्तेमाल करती हैं. आप ऐसा करके खुश तो हो जाती हैं कि आपके बालों की स्टाइलिंग हो गई अब आप वापस से खूबसूरत दिखने लगीं. लेकिन आपको बता दें कि ऐसा करना बिलकुल भी सही नहीं होता है. एक दूसरे की कंघी इस्तेमाल करने से सबसे बड़ा खतरा जो उतपन्न होता है वो है जूं का. अगर एक ही हेयरब्रश या कंघी का इस्तेमाल 2–3 लोग करते हैं तो उससे दाद, फंगस, खुजली और कभी–कभी एक स्टाफ संक्रमण फैल सकता है. दाद से स्कैल्प को नुकसान पहुंच सकता है. इसलिए अगर आप किसी ऐसी सहेली की कंघी इस्तेमाल कर रहीं हैं जिसे दाद जैसी समस्या है तो आप अब सावधान हो जाएं क्योंकि ऐसा करने से आपको रैशेज हो सकता है, आप गंजेपन की शिकार हो सकती हैं, स्कैल्प की त्वचा पर रूखापन आ सकता है और बाल टूटने जैसी समस्या हो सकती है. इसलिए कहीं पर भी किसी की भी कंघी इस्तेमाल करने से बचें या फिर अगर कहीं इस्तेमाल करना ही पड़ जाए तो इस बात को ध्यान जरूर दें कि उस कंघी की सफाई की गई है कि नहीं.

## 'गवर्नर और उपराज्यपाल के कॉन्सेप्ट को समाप्त करना चाहिए: राघव चड्ढा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा का बड़ा बयान सामने आया है। दरअसल, तमिलनाडु के ऊर्जा मंत्री सेंथिल बालाजी को कैबिनेट में रखने को लेकर बड़ा विवाद चल रहा है। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने बालाजी को कैबिनेट में रखने पर विरोध जताया है। इसे लेकर ही राघव चड्ढा ने बयान दिया है।

राघव चड्ढा ने कहा है कि राज्यपाल और उपराज्यपाल के कॉन्सेप्ट को समाप्त कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि गवर्नर और लेफ्टिनेंट गवर्नर के ऑफिसों को एबॉलिश कर देना चाहिए। ये अंगेजों का कल्चर है। मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी होनी चाहिए पूरे राज्य को चलाने के लिए। साथ ही राघव ने कहा, "संविधान स्पष्ट रूप से कहता है कि सीएम के पास कैबिनेट चुनने का पूरा अधिकार है। यह प्रवृत्ति देश के लिए खतरनाक है। मुझे लगता है कि राज्यपालों और उपराज्यपालों के कार्यालयों को समाप्त कर देना चाहिए क्योंकि यह एक औपनिवेशिक खुमारी है।"

## अमेरिका के टेनेसी में गोलीबारी, आग लगने से तीन बच्चों समेत छह लोगों की मौत

वाशिंगटन , एजेंसी,। अमेरिका के टेनेसी राज्य में एक घर में गोली लगने और आग लगने के बाद तीन बच्चों सहित छह लोगों की मौत हो गई। मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। यह घटना बीती रात नौ बजे हुई। पुलिस अधिकारियों ने घर में हुई गोलीबारी का जवाब दिया, लेकिन घर में आग लग गई।

बंदूक की गोली घायल एक अन्य व्यक्ति चट्टानुगा में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मैरियन काउंटी शेरिफ बो बर्नेट ने समाचार आउटलेट को बताया कि घरेलू कलह के कारण यह घटना हुई। मृतकों के शवों को ऑटोप्सी के लिए टेनेसी की राजधानी नैशविले ले जाया गया है। मृत पाए गए तीन वयस्कों में एक गैरी बार्नेट को शूटर माना जा रहा है, जिसने जिसने अपनी जान लेने से पहले अन्य को मार डाला।

दो वयस्क मृतकों की पहचान रेजिना बार्नेट और ब्रिटनी पेरेज के रूप में की गई। रेजिना बार्नेट व उसके पति पति गैरी के बीच कोर्ट में विवाद चल रहा था। कोर्ट ने रेजिना को सुरक्षा का आदेश दिया था। रिपोर्ट के अनुसार, पेरेज घटना के समय अपनी मां रेजिना से मिलने गई थी।सुरक्षा का आदेश दिसंबर 2022 में गैरी बार्नेट की गिरफ्तारी के बाद जारी किया गया था। गैरी को पत्नी पर हमले के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। दोनों के बीच तलाक का मामला भी चल रहा था। रेजिना बार्नेट ने बताया था कि गैरी ने उन्हें और उनके कुत्ते को गोली मारने की धमकी दी थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि गैरी बार्नेट के खिलाफ मामला अभी भी लंबित है और पांच जुलाई को अदालत में पेश होने की संभावना थी।

## शराब ठेका हटाने के बजाय आंगनबाड़ी को हटाना गलतः अविनाश राय खन्ना

शिमला , एजेंसी,)। भाजपा प्रभारी अविनाश राय खन्ना हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला को और मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष को एक पत्र लिखा। पत्र में हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिला का जिक्र किया गया है। जहां आंगनबाड़ी केंद्र को शिफ्ट करने की बात की गई है। जो उसके समीप एक शराब का ठेका खोला गया था। उस ठेके का वहीं पर स्थान देने का जिक्रहै।

उन्होंने बताया की सरकार के ऐसे निर्णय से आम जनता के अंदर काफी रोष है। आंगनबाड़ी हिमाचल प्रदेश के बच्चों का भविष्य बनाने का कार्य करता है और शराब का ठेका उनके भविष्य को बिगाडऩे का कार्य करता है।

### भुज में गुजरात सीएम संग बैठक के बाद बोले गृह मंत्री अमित शाह

# 20 जून तक सभी गांवों की बिजली होगी बहाल

**अहमदाबाद, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को चक्रवाती तूफान बिपरजॉय से प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति का जायजा लेने के लिए हवाई दौरा निरीक्षण किया। इसके बाद अमित शाह ने भुज में कलेक्टर कार्यालय में मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल और वरिष्ठ अधिकारियों संग बैठक की।



अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समीक्षा बैठक रखी थी जिसमें तंत्र को सतर्क करने के लिए अलग–अलग बैठक, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और सूचनाओं को आदन प्रदान हुआ... 140 किमी की रफ्तार के साथ चक्रवात जब तट से टकराता है और तीसरे दिन इसकी समीक्षा करते हैं तब पता चलता है कि एक भी व्यक्ति की जान नहीं गई है, तब काम करने का संतोष होता है।

उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ की 19 टीमें, एसडीआरएफ की 13 टीमें और रिर्जव 2 बटालियन ने मिलकर काम किया। भारतीय सेना, नौसेना, वायुसेना, कोस्ट गॉर्ड, बीएसएफ, स्टेट रिर्जव पुलिस, राज्य की पुलिस ने मिलकर काम किया है। मोबाइल टावर, अस्पताल जहां भी बिजली नहीं है वहां डिजी सेट लगाए गए हैं। बिजली सुचारु करने के लिए 1133 टीमें लगी हैं इनके साथ कल से 400 टीमें और जोड़ी जाएंगी।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कुल 1,08,208 लोग, 73,000 पशुओं को सलामत और सुरक्षित स्थानों पर ले जाने का काम हुआ। हवा के तेज झोंकों से पेड़ ना उखड़ें उसके लिए करीब 3,27,890 पेड़ों की छटाई की गई। सभी जिलों से 4,317 होर्डिंग को हटाया गया और लगभग 21,585 नांवों को समुंदर से बाहर लाया गया। एक लाख से अधिक मछुआरों को किनारे पर लाया गया।उन्होंने कहा कि चक्रवाती तूफान के दौरान 3,400 गांवों में बिजली रोकी गई थी जिसमें से 1,600 गांवों में बिजली सुचारु कर दी गई है। मुझे तंत्र ने विश्वास दिलाया है कि 20 जून की शाम तक सभी गांवों में बिजली सुचारु कर दी जाएगी।

कच्छ जिले में शनिवार को जनजीवन धीरे–धीरे सामान्य होता हुआ दिखाई दे रहा है। दरअसल, जिले की खुली हुई दुकानें सामान्य स्थिति की ओर इशारा कर रही हैं। वहीं, चक्रवाती तूफान बिपरजॉय से प्रभावित कई शहरों और सैकड़ों गांवों में बिजली बहाल करने की कोशिशें जारी हैं।अमित शाह ने मांडवी सिविल अस्पताल का दौरा किया और मरीजों से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल भी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त अमित शाह ने एनडीआरएफ और एसडीआरएफ कर्मियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (क्टऊ) के मुताबिक, चक्रवाती तूफान बिपरजॉय का असर आगे कम होगा और यह दबाव के क्षेत्र में तब्दील हो जाएगा। आईएमडी के मुताबिक, तूफान की वजह से राज्य के कई उत्तरी जिलों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है।

आईएमडी ने ट्वीट किया कि 17 जून को भारतीय समयानुसार सुबह साढ़े आठ बजे दक्षिण पश्चिम राजस्थान और दक्षिण पूर्वी पाकिस्तान से सटे गुजरात और बाड़मेर से लगभग 80 किलोमीटर दक्षिण एवं जोधपुर से 210 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में चक्रवात बिपारजॉय गहरे दबाव के क्षेत्र में परिवर्तित हो गया जो अगले छह घंटों के दौरान कमजोर होकर दबाव के क्षेत्र में बदल जाएगा।

## बेलारूस पहुंचा रूस का पहला परमाणु हथियार, हिरोशिमा–नागासाकी से 3 गुना ज्यादा विनाशक

**मॉस्को , एजेंसी।** रूस और यूक्रेन युद्ध को एक साल से अधिक का वक्त बीत चुका है लेकिन अब लगता है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द ही जंग को खत्म करने के मूड में हैं। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि यूक्रेन से जंग के बीच अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की धमकी के बीच रूस का पहला परमाणु हथियार बेलारूस पहुंच चुका है। सेंट पीटर्सबर्ग अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच की मेजबानी करते समय रूस के राष्ट्रपति ने कहा कि हथियारों का पहला जत्था बेलारूस भेज चुके हैं। वहीं, बचे हुए हथियारों को गर्मी के अंत तक पहुंचा दिया जाएगा।

रूस के राष्ट्रपति ने कहा कि हमने ये कदम इसलिए उठाया ताकि कुछ लोग समझ रहे हो कि हम पर नियंत्रण कर सकेंगे तो गलत हैं। हालांकि, उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि हम इनका इस्तेमाल तभी करेंगे जब रूस के किसी भी क्षेत्र को खतरा होगा। पुतिन ने कहा कि हम पूरी दुनिया को धमकी क्यों देने लगे। मैंने पहले ही कहा है कि रूसी राज्य को खतरा होने पर ही इसका उपयोग किया जाएगा।

बता दें, परमाणु हथियारों को तैनात करने की समयसीमा तय करने के करीब 10 दिन बाद पुतिन ने इसकी जानकारी दी है। जबकि, इससे पहले कहा जा रहा था कि जुलाई के पहले सप्ताह से पहले हथियार तैनात नहीं हो सकेंगे। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच की मेजबानी करते समय रूस के राष्ट्रपति ने साफ कर दिया है कि हथियारों की तैनाती हो चुकी है। कार्यक्रम का आज अंतिम दिन है।

## मणिपुर में बीजेपी नेताओं के घर को जलाने की कोशिश, सुरक्षाबलों और भीड़ के बीच रातभर झड़प में दो घायल

इंफाल , एजेंसी,(आरएनएस)। मणिपुर में हिंसा की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। इंफाल में भीड़ ने जहां भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के घर जलाने की भी कोशिश की वहीं सुरक्षाबलों और भीड़ के बीच बीती रातभर हुई झड़पों में दो नागरिक घायल हो गए। मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के चकटा और चुराचांदपुर जिले के कंगवई में पूरी रात गोलीबारी होने की खबर है। इंफाल पश्चिम के इरिंगबाम पुलिस थाने में लूट की कोशिश की गई। हालांकि, इस दौरान कोई हथियार चोरी नहीं हुआ।

अधिकारियों के अनुसार, दंगाइयों को इक्ठा होने से रोकने के लिए सेना, असम राइफल्स और मणिपुर रैपिड एक्शन पोर्स ने इंफाल में आधी रात तक संयुक्त मार्च निकाला। लगभग 1,000 लोगों की भीड़ ने महल परिसर के पास स्थित इमारतों में आग लगाने की कोशिश की। अधिकारियों के मुताबिक, आरएएफ ने भीड़ को तितर–बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और रबड़ की गोलियां चलाईं। इंफाल में भीड़ ने विधायक बिस्वजीत के घर में आग लगाने की कोशिश भी की। हालांकि, आरएएफ की टुकड़ी ने भीड़ को तितर–बितर कर दिया।इसी तरह, आधी रात के करीब इंफाल में पोरमपेट के पास बीजेपी (महिला शाखा) की अध्यक्ष शारदा देवी के घर में भीड़ ने तोडफ़ोड़ करने की कोशिश की। सुरक्षाबलों ने युवकों को खदेड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले दिन में भीड़ ने शुक्रवार को इंफाल शहर के बीचोंबीच सड़कों को जाम कर दिया और संपत्ति को आग लगा दी। केंद्रीय मंत्री आर के रंजन सिंह के घर पर बृहस्पतिवार रात हमला किया गया और उसे जलाने का प्रयास किया गया।एक रिटायर्ड आईएएस अधिकारी का शाही महल के पास स्थित गोदाम शुक्रवार को पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गया।

# धान की खेती के लिए वरदान साबित हो सकता है चक्रवात

## कई राज्यों में पूरे महीने भारी बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अरब सागर के चक्रवात से गुजरात और राजस्थान के कुछ हिस्सों में क्षति अवश्य हुई है, लेकिन दूसरा पहलू है कि धान की खेती के लिए यह वरदान साबित होने वाला है। चक्रवात के चलते उत्तर–मध्य भारत में निम्न दाब का क्षेत्र विकसित होने लगा है।



इससे बंगाल की खाड़ी में अटके मानसून को गति मिलेगी, जो धान उत्पादक राज्यों उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं हरियाणा समेत देश के लगभग आधे हिस्से में अगले एक महीने तक अच्छी वर्षा के अनुकूल माहौल तैयार करेगा। इन राज्यों में वर्षा बहुत कम हुई है।

जून में अभी तक यूपी में 93 प्रतिशत, बिहार में 83 और मध्य प्रदेश में 81 प्रतिशत कम वर्षा हुई है। हालांकि, यहां प्री–मानसून वर्षा की भी स्थितियां अब बन रही हैं। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि चक्रवात के चलते मानसून के आने में विलंब होने से धान की फसल लगाने में थोड़ी देर जरूर हुई है, किंतु अब रोपाई का काम तेजी से बढ़ सकता है।

गर्मी से झुलस रहे बिहार एवं पूर्वी यूपी की फसलों को 20 जून से राहत मिलने की उम्मीद है। भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) ने पहले ही इस खरीफ वर्ष में सामान्य वर्षा का अनुमान जारी कर रखा है। बीच में चक्रवात के चलते बिहार पहुंचने से पहले ही मानसून के अटके रहने की संभावना जारी की गई थी, किंतु अब आइएमडी के साथ निजी एजेंसी स्काइमेट ने भी ऐसी आशंका को खारिज किया है।आइएमडी का कहना है कि चक्रवात के बाद वायुमंडलीय परिस्थितियां मानसून के लिए बहुत ज्यादा अनुकूल हो गई हैं। 20–21 जून के आसपास यूपी में निम्न दाब का क्षेत्र बनेगा। इससे बंगाल की खाड़ी में रुकी हुई हवा पूर्व की ओर बढ़ेगी। 20 जून तक बिहार–झारखंड में बारिश होने लगेगी। 23 जून तक पूर्वी यूपी में भी मानसून पहुंच सकता है।

स्काइमेट प्रवक्ता महेश पलावत का आकलन है कि चक्रवाती हवाओं के दिल्ली से पश्चिमी यूपी एवं उत्तराखंड की तरफ बढ़ते ही बंगाल की खाड़ी का मानसून तेजी से आगे बढ़ेगा और बिहार के बाद पूर्वी यूपी में 22 से 23 जून तक सक्रिय हो जाएगा।इस बीच दिल्ली एवं आसपास के क्षेत्रों में मानसून से पहले भी चक्रवात के चलते अच्छी वर्षा होगी। राजस्थान में 20 से 21 जून तक चक्रवात का असर खत्म हो जाएगा। दिल्ली में रविवार से ही चक्रवातीय हवा चलने लगेगी, जो तीन से चार दिनों तक रह सकती है। इस दौरान सामान्य वर्षा होगी। पंजाब एवं हरियाणा के उत्तरी हिस्से में वर्षा न के बराबर होगी। अधिकतम तापमान में भी वृद्धि हो सकती है।वहीं, मध्य प्रदेश के ग्वालियर, गुना, साजापुर, दमोह, टिकमगढ़, उमरिया, इंदौर एवं उज्जैन के इलाके में मुसलाधार बारिश होगी। यह सिलसिला 26 जून तक चलता रहेगा। उसके बाद मानसूनी हवाओं के सहारे वर्षा के अनुकूल स्थितियां यूपी की तरफ खिसक जाएंगी और पूरे महीने जमकर वर्षा होगी।

चक्रवात के गुजर जाने के कुछ दिन बाद लगभग एक हफ्ते तक गुजरात और पश्चिम राजस्थान में सूखे की स्थिति बन सकती है। मध्य प्रदेश का सीमावर्ती क्षेत्र भी इसके प्रभाव में आ सकता है, मगर मौसम विज्ञानियों का मानना है कि ऐसी स्थिति ज्यादा दिनों तक नहीं रहेगी। इसके पहले ही इतना अधिक वर्षा हो जाएगी कि हफ्ते भर अगर वर्षा नहीं भी होगी तो भी सूखे की स्थिति से निपटा जा सकता है।

# मणिपुर की विपक्षी पार्टियों ने पीएम से मिलने का किया आग्रह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मणिपुर में जारी गंभीर हिंसा पर केंद्र सरकार के हस्तक्षेप की मांग करती रही कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से विदेश यात्रा पर रवाना होने से पूर्व सूबे की 10 विपक्षी पार्टियों नेताओं के प्रतिनिधिमंडल को मुलाकात का समय देने का आग्रह किया है।



### प्रधानमंत्री के दखल से रूक सकती है हिंसा

मणिपुर में हिंसा रोकने में राज्य सरकार के पूरी तरह नाकाम होने का आरोप लगाते हुए पार्टी ने हालात को नियंत्रण में लाने के लिए प्रधानमंत्री के तात्कालिक दखल को जरूरी करार देते हुए कहा कि पीएम मोदी यदि पहल करें तो मणिपुर में डेढ महीने से जारी हिंसा रूक सकती है।

मणिपुर की 10 समान विचारधारा वाले दलों के नेताओं के साथ साझा प्रेस कांफ्रेंस करते हुए कांग्रेस के संचार महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मणिपुर के इन नेताओं ने 10 जून को ई–मेल भेजकर और 12 जून को पत्र पीएमओ को सौंप प्रधानमंत्री मोदी से मिलने का समय मांगा है। उन्होंने कहा कि उम्मीद करते हैं कि अमेरिका–मिस्त्र की यात्रा पर रवाना होने से पूर्व पीएम इनकी बात सुनने के लिए समय देंगे।

कांग्रेस के अलावा मणिपुर की माकपा, भाकपा, जदयू, एनसीपी, आरएसपी, फारवर्ड ब्लॉक समेत कई स्थानीय पार्टियों के नेता पीएम से मुलाकात के लिए दिल्ली आए हुए हैं। जयराम ने कहा कि 45 दिनों से मणिपुर जल रहा है और राज्य सरकार पूरी तरह विफल साबित हो चुकी है, ऐसे में इन नेताओं की बात पीएम सुनेंगे हमारी यह अपेक्षा है।

2001 में 18 जून को मणिपुर में हुई इसी तरह की हिंसा के छह दिन बाद 24 जून को तत्कालीन पीएम वाजपेयी की राज्य के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात और फिर आठ जुलाई को सूबे के सांसदों–विधायकों से मुलाकात के बाद उनकी ओर से जारी की गई अपील का हवाला देते हुए उन्होंने पीएम मोदी से इसका अनुसरण करने का आग्रह किया।

साथ ही कहा कि गृहमंत्री के राज्य के दौरे से हालात में कोई फर्क नहीं आया है। पीएम की लगातार चुप्पी मणिपुर को नुकसान पहुंचा रही है और अगर पीएम शांति की अपील करेंगे तो हमें उम्मीद है कि राज्य के हालात में सुधार होगा।

जयराम ने मणिपुर में हिंसा के मौजूदा दौर के लिए भाजपा की राजनीति और आरएसएस की विचाराधारा को जिम्मेदार ठहराया।

वहीं, मणिपुर के 10 विपक्षी नेताओं की अगुवाई कर रहे कांग्रेस नेता पूर्व मुख्यमंत्री इबोबी सिंह ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राजकुमार रंजन सिंह का घर जलाने की घटना सूबे के गंभीर हालात को बयान कर रहे हैं और अभी तक पीएम की ओर से अपील नहीं करना दुखदायी है।

सिंह ने कहा कि 10 पार्टियों के नेता किसी राजनीतिक फायदे के लिए नहीं बल्कि मणिपुर में शांति की पहल के लिए पीएम से मिलना चाहते हैं और उम्मीद है कि विदेश यात्रा पर जाने से पूर्व हमें मुलाकात का समय मिलेगा।

## गोंडा में बवाल का वीडियो: भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के कार्यक्रम में हंगामा

**गोंडा, एजेंसी।** कैसरगंज से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के काफिले में शनिवार को गोंडा में बवाल हो गया। बताया जा रहा है कि दो प्रधानों के समर्थक सेल्फी लेने के चक्कर में आपस में ही भिड़ गए। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि दोनों तरफ से पथराव हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बृजभूषण मौके से निकल चुके हैं। बताया जा रहा है कि कटराबाजार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बरांव ग्राम पंचायत में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यक्रम के दौरान दो गुटों में आपसी झड़प हो गई। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद मंच से नीचे उतरते समय बृजभूषण के साथ सेल्फी लेने के चक्कर में इब्राहिमपुर ग्राम पंचायत के प्रधान और पूर्व प्रधान में धक्का–मुक्की हुई। फिर इनके समर्थकों ने आपस में मारपीट शुरू कर दी। मौके पर कुर्सियां तोड़ी गई हैं। पुलिस ने स्थित संभाल ली है। भिड़ने वाले दोनों गुट सांसद बृजभूषण के समर्थक हैं और अल्पसंख्यक मोर्चे के सम्मेलन के दौरान नारेबाजी कर रहे थे।

## 20 से 25 जून तक अमेरिका–मिस्त्र के दौरे पर रहेंगे पीएम मोदी , अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को करेंगे संबोधित

नई दिल्ली , एजेंसी,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 से 25 जून तक अमेरिका और मिस्त्र की यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ बिडेन और प्रथम महिला डॉ. जिल बिडेन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका की आधिकारिक राजकीय यात्रा करेंगे।

यह यात्रा न्यूयॉर्क में शुरू होगी, जहां पीएम मोदी 21 जून को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री वाशिंगटन डीसी की यात्रा करेंगे, जहां 22 जून को व्हाइट हाउस में उनका औपचारिक स्वागत किया जाएगा और वे उच्चस्तरीय संवाद जारी रखने के क्रम में राष्ट्रपति बिडेन से मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति बिडेन और प्रथम महिला डॉ. जिल बिडेन उसी शाम प्रधानमंत्री के सम्मान में राजकीय रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे।

प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैकार्थी और सीनेट के अध्यक्ष चार्ल्स शूमर सहित कांग्रेस के नेताओं के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री 22 जून को अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे। अगले दिन 23 जून को प्रधानमंत्री के लिए उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन संयुक्त रूप से दोपहर के भोजन की मेजबानी करेंगे। आधिकारिक व्यस्तताओं के अलावा प्रधानमंत्री का प्रमुख सीईओ, पेशेवरों और अन्य हितधारकों के साथ कई क्यूरेटेड इंटरेक्शन का कार्यक्रम है। वह प्रवासी भारतीयों से भी मिलेंगे।

इसके बाद प्रधानमंत्री बाद में 24–25 जून तक मिस्त्र की यात्रा पर रहेंगे। मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल–सिसी ने इसी साल जनवरी में प्रधानमंत्री को काहिरा आने का निमंत्रण दिया था। यह प्रधानमंत्री की मिस्त्र की पहली यात्रा होगी। राष्ट्रपति अब्देल फतह अल–सिसी के साथ अपनी बातचीत के अलावा प्रधानमंत्री के मिस्त्र सरकार के वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों, मिस्त्र की कुछ प्रमुख हस्तियों के साथ–साथ वहां रह रहे भारतीय समुदाय के साथ बातचीत भी कर सकते हैं।

# चक्रवात बिपरजॉय : पश्चिमी राजस्थान में भारी बारिश,तूफान से ट्रेनें रद्द

जयपुर , एजेंसी,(आरएनएस)। चक्रवात बिपरजॉय के प्रभाव से पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर, सिरोही, उदयपुर, जालौर, जोधपुर जिलों में शनिवार सुबह भारी बारिश हुई। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। पिछले 24 घंटों में चक्रवात का सबसे अधिक प्रभाव जालौर, सिरोही और बाड़मेर में देखा गया। इन जिलों में भारी बारिश दर्ज की गई।

मौसम विभाग ने शनिवार के लिए बाड़मेर, जालौर, सिरोही और पाली के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

बाड़मेर से गुजरने वाली 14 ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। जबकि उदयपुर से दिल्ली और मुंबई की दो उड़ानें भी रद्द की गई हैं। पाकिस्तान सीमा से सटे बाड़मेर के 5 गांवों के 5,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।



बिपरजॉय के प्रभाव से प्रदेश का अधिकांश भाग बादलों से ढका हुआ है। शुक्रवार रात चूरू के बीदासर में तीन इंच बारिश दर्ज की गई, जबकि सिरोही के कई इलाकों में 62 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं।

पिछले 24 घंटों में बाड़मेर के सेडवा और सिरोही के माउंट आबू में 5–5 इंच की अधिकतम बारिश दर्ज की गई।जालौर जिले के सांचौर में शुक्रवार रात से रुक–रुक कर बारिश जारी रही, जिससे कई गांवों में बिजली गुल हो गई।चक्रवात के कारण बस और रेल सेवा पूरी तरह ठप हो गई है।चक्रवात बिपरजॉय शुक्रवार रात राजस्थान पहुंचा। लेकिन इसकी रफ्तार कम हो गई। रविवार तक प्रदेश में इसका असर रहेगा।इससे पहले शुक्रवार को जालौर, बाड़मेर, जोधपुर में बारिश हुई, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ आ गई। जगह–जगह पेड़ और बिजली के खंभे भी उखड़ गए।पाली की फैक्ट्रियां दो दिन से बंद हैं। जोधपुर में शनिवार को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी है।इसे देखते हुए जिला कलक्टर हिमांशु गुप्ता ने जिले के सभी शैक्षणिक संस्थान, कोचिंग संस्थान, जिम, पर्यटन स्थल और समर कैंप बंद रखने के निर्देश दिए हैं।

# राजस्थान पैट्रियट्स ने गोल्डन ईगल्स उत्तर प्रदेश पर एक शानदार जीत दर्ज की



जयपुर । राजस्थान पैट्रियट्स ने गोल्डन ईगल्स उत्तर प्रदेश के खिलाफर एक आश्चर्यजनक जीत दर्ज की। यह मैच पैट्रियट्स हक में 36–27 से समाप्त हुआ। मैच के दौरान घर से और स्टेडियम से मैच का लुत्फ ले रहे लोगों ने प्रीमियर हैंडबॉल लीग की जमकर तारीफ की और इसी कारण ट्विटर पर फैंस के स्पोर्ट्स सेक्शन में यह ट्रेंड कर रहा था।

प्रीमियर हैंडबॉल लीग के उद्घाटन सीजन के 17वे मैच में गोल्डन ईगल्स उत्तर प्रदेश ने राजस्थान पैट्रियट्स का सामना किया। दोनों टीमों ने तेज शुरुआत की तलाश की और खेल के शुरुआती मिनटों में एक दूसरे के खिलाफ हावी नजर आए। गोल्डन ईगल्स के सुखवीर सिंह ब्रार ने शानदार खेल शुरू किया। वह अपनी टीम के लिए अटैक का नेतृत्व कर रहे थे। वह पीएचएल में 50 गोल करने वाले पहले खिलाड़ी भी बने। पैट्रियट्स के लिए रॉबिन सिंह और मोहित घनघस ने ठीक–ठाक प्रदर्शन किया। वे शुरुआत में काफी प्रभावशाली नजर आ रहे थे।

15वें मिनट तक राजस्थान ने एक हल्की बढ़त स्थापित कर ली थी। स्कोर उनके पक्ष में 7–5 था। अर्जुन लाकरा पैट्रियट्स के लिए मैदान में आए और तुरंत छा गए। उस समय गोल्डन ईगल्स उन्हें रोकने के लिए संघर्ष कर रहे थे। लाकरा ने अपनी टीम को उत्तर प्रदेश पर एक अच्छी बढ़त स्थापित करने में मदद की। राजस्थान पैट्रियट्स के कप्तान और गोलकीपर अतुल कुमार ने भी पहले हाफ में कुछ शानदार बचाव किए। इस कारण उनकी टीम ने अपनी बढ़त को और मजबूत किया। पहले हाफ की समाप्ति तक स्कोर पैट्रियट्स के पक्ष में 16–8 था।

गोल्डन ईगल्स उत्तर प्रदेश दूसरे हाफ में अपनी किस्मत को बदलना चाह रहे थे, जबकि पैट्रियट्स दूसरे हाफ में मैच को अपने हक में रखने की उम्मीद कर रहे थे। उत्तर प्रदेश के लिए दूसरे हाफ के शुरुआती पलों में अच्छा परिणाम नहीं आया। इस टीम ने कई बार गोपोस्ट के फ्रेम को हिट किया और गोल से चूक गए। गोल्डन ईगल्स के गोलपोस्ट में ओमिड रेजा ने अपना बढ़िया प्रदर्श जारी रखा। उन्होंने अपनी टीम को खेल में पैर जमाने की अजादी देने के लिए कुछ अविश्वसनीय बचाव किए। वहां से उत्तर प्रदेश की टीम में वापसी के बहुत अच्छे संकेत दिख रहे थे क्योंकि हरजिंदर सिंह ने अपनी टीम को मैच में वापस खींचने के लिए अपना फिनिशिंग टच पा लिया था। गोल्डन ईगल्स बेशक वापसी की राह पर थे लेकिन बावजूद इसके दूसरे हाफ के मध्य तक स्कोर 25–18 से पैट्रियट्स के पक्ष में था।

दिमित्री किरीव मैच के अंतिम 10 मिनट में राजस्थान की टीम के लिए मैदान में आए और अटैक में प्रभावशाली साबित होते दिख रहे थे। हरजिंदर सिंह और कप्तान विकास अपनी टीम को वापसी के लिए प्रेरित करना चाहते थे, लेकिन अपने साथियों के सुस्त प्रदर्शन के कारण गोल डिफरेंस को कम करने में असमर्थ थे। खेल समाप्त तक स्कोर पैट्रियट्स के पक्ष में 36–27 था।

मोहित घनघस 9 गोल के साथ पैट्रियट्स के लिए शीर्ष स्कोरर के रूप में उभरे, जबकि ज्योतिरम भूषण शिंदे 6 गोल के साथ गोल्डन ईगल्स के लिए शीर्ष स्कोरर रहे। पैट्रियट्स के गोलकीपर और कप्तान अतुल कुमार को प्लेयर आफ द मैच चुना गया।

# गुरबचन सिंह रंधावा ने भारतीय एथलेटिक्स की चयन समिति के अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा



चंडीगढ़ ,। एथलीट और देश के पहले अर्जुन अवार्डी गुरबचन सिंह रंधावा ने एथलेटिक्स फैडरेशन ऑफ इंडिया की चयन समिति के अध्यक्ष के रूप में 18 साल की सेवा के बाद इस्तीफा देने का फैसला किया है। ओलंपियन रंधावा ने हाल ही में एथलेटिक्स फैडरेशन ऑफ इंडिया को पत्र लिखकर स्वेच्छा से पद छोड़ने के फैसले की जानकारी दी।

करीब 85 वर्षीय रंधावा ने अपने कार्यकाल पर संतोष व्यक्त करते हुए कहाकि अब वह अपना 100 प्रतिशत समय नहीं दे सकते। इसलिए युवा खिलाडि़यों को जिम्मेदारी सौंपने का मौका आ गया है। भारतीय एथलेटिक्स ने गुरबचन सिंह रंधावा के कार्यकाल के दौरान कई मील पत्थर स्थापित किए। इसमें भारत को नीरज चौपड़ा के रूप में देश का पहला ओलंपिक चैंपियन एथलीट भी शामिल है। अंजू बॉबी जॉर्ज ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पदक जीता। एशियाई खेलों, कॉमनवेल्थ गेम्स, सैफ गेम्स, एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप सहित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारतीय एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन किया है। रंधावा ने कहा कि एथलेटिक्स उनके खून में है और उन्हें खुशी है कि जो सपना मिल्खा सिंह, पीटी उषा जैसे एथलीटों ने पूरा नहीं किया, वह नीरज चोपड़ा ने पूरा किया। साल 1962 में जकार्ता एशियाई खेलों में डेकाथलॉन में स्वर्ण पदक और 1964 के टोक्यो ओलंपिक खेलों में 110 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में पांचवें स्थान पर रहे रंधावा को देश का चौथा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान पद्मश्री भी मिल चुका है। 6 जून, 1939 को अमृतसर जिले के गांव नंगली (मेहता) में जन्म रंधावा सीआरपीएफ कमांडेंट के पद से सेवानिवृत्त हुए। अपने करियर में उन्होंने एक एथलीट होने के अलावा कोच, सरकारी पर्यवेक्षक, चयन समिति के अध्यक्ष, पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला के खेल सलाहकार के रूप में भी काम किया है।अपने कार्यकाल के दौरान सुरेश कलमाडी, डॉ. ललित भनोट और डॉ. एडेल जे सुमरिवाला को समर्थन के लिए धन्यवाद देते हुए उन्होंने आशा व्यक्त की कि डॉ. सुमरिवाला और अंजू बॉबी जॉर्ज के नेतृत्व में एथलेटिक्स फैडरेशन इस खेल को नई ऊंचाईयों तक ले जाएगा। रंधावा के परिवार में उनके पिता मेजर टहिल सिंह रंधावा, पत्नी जसविंदर और बेटा रंजीत सिंह रंधावा एथलीट रह चुके हैं। जबकि भाई हरभजन सिंह रंधावा भारतीय एथलेटिक्स टीम के मुख्य कोच रह चुके हैं। लंबे समय से नई दिल्ली में रहने वाले ओलंपियन रंधावा की जीवनी उडऩा बाज़ को खेल लेखक नवदीप सिंह गिल ने लिखा था। पंजाब सरकार द्वारा रंधावा की जीवनी को पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10 की शारीरिक शिक्षा पाठ्यपुस्तक में भी शामिल किया गया था।

# अजिंक्य रहाणे बनेंगे भारत के नए कप्तान! अगले महीने वेस्टइंडीज दौरे पर जाएगी टीम इंडिया



नई दिल्ली ,। भारतीय टीम अगले महीने वेस्टइंडीज दौरे पर जाएगी जहां टेस्ट के साथ वनडे और टी20 सीरीज खेलेगी। इस टेस्ट सीरीज के साथ ही टीम इंडिया अपनी अगले टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल की शुरुआत करेगी, लेकिन इस दौरे पर हो सकता है कि रोहित शर्मा कुछ मैचों में न दिखें।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रोहित को इस दौरे पर कुछ मैचों में आराम दिया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार रोहित आईपीएल और टेस्ट चैंपियनशिप के दौरान थके हुए लग थे ऐसे में चयनकर्ता चाहते हैं कि वह कुछ मैचों के लिए आराम करें, इसलिए उन्हें वेस्टइंडीज दौरे पर कुछ मैचों के लिए आराम दिया जा सकता है।

वहीं अगर टेस्ट में रोहित को आराम दिया जाता है तो हाल ही में टीम में वापसी करने वाले अंजिक्य रहाणे को कप्तान नियुक्त किया जा सकता है। रहाणे पहले भी टीम इंडिया की कप्तानी कर चुके हैं। वह टीम के उप–कप्तान थे, लेकिन खराब फॉर्म के कारण बाहर कर दिए गए थे। टेस्ट चैंपियनशिप में उन्होंने वापसी की थी और पहली पारी में 89 रन बना टीम को संभाला था और दूसरी पारी में उनके बल्ले से 43 रन निकले थे।बता दें कि वेस्टइंडीज दौरे के लिए टीम इंडिया का चयन 27 जून को हो सकता है और इसके अगले दिन ही बेंगलुरू में दलीप ट्रॉफी की शुरुआत होगी। वेस्टइंडीज दौरे पर टीम इंडिया दो टेस्ट मैच, तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की सीरीज खेलेगी। शुरुआत 12 जुलाई से डॉमिनिक में खेले जाने वाले टेस्ट मैच से होगी। दूसरा टेस्ट मैच त्रिनिदाद में खेला जाएगा।

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम का जुलाई में बांग्लादेश दौरा

नई दिल्ली ,। भारतीय महिला क्रिकेट टीम जुलाई में बांग्लादेश दौरे पर जाएगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने आखिरी बार अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर तब खेला था जब वे फरवरी में दक्षिण अफ्रीका में महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से पांच रन से हार गई थीं। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की महिला विंग की अध्यक्ष शफीउल आलम चौधरी नडेल ने कहा, हां, हम जुलाई में भारत की महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के खिलाफ एक सीरीज खेलेंगे और सभी मैच शेर–ए–बांग्ला राष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जाएंगे।रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 11 वर्षों में यह पहली बार होगा जब शेर–ए–बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम महिलाओं के अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी करेगा।

# दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम का पहला पाकिस्तान दौरा सितंबर में



लाहौर ,। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम अगस्त/सितंबर में पाकिस्तान का अपना पहला दौरा करेगी। दक्षिण अफ्रीका 1–14 सितंबर से कराची में तीन टी20 और आईसीसी महिला चैंपियनशिप के तहत तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी। पाकिस्तान वर्तमान में नौ एकदिवसीय में पांच जीत के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने तीन एकदिवसीय मैचों की केवल एक श्रृंखला खेली है और उसके छह अंक हैं।

दक्षिण अफ्रीका की कप्तान सुने लुस ने कहा, मैं पाकिस्तान में एक द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने के लिए वापस आने के लिए बेहद उत्साहित हूं। इस साल की शुरूआत में महिला लीग प्रदर्शनी मैचों के लिए पाकिस्तान दौरे के समय हमारा गर्मजोशी से स्वागत हुआ था।

खिलाडि़यों का व्यवहार बहुत अच्छा था। पाकिस्तान अपने घर में एक बहुत ही प्रतिस्पर्धी और खतरनाक टीम है, इसलिए मुझे लगता है कि यह एक अच्छी श्रृंखला होने जा रही है। आईसीसी महिला चैम्पियनशिप बहुत महत्वपूर्ण है, और हम सभी इसके लिए उत्सुक हैं।

फरवरी में घरेलू सरजमीं पर आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में उपविजेता रहने के बाद से दक्षिण अफ्रीका का यह पहला अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट होगा। दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान के बीच आमने–सामने के मुकाबलों में 76 फीसदी जीत दर के साथ दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा भारी रहा है। खेले गए 24 मैचों में से दक्षिण अफ्रीका ने 19 एकदिवसीय मैच जीते हैं, जिसमें से एक मैच का कोई नतीजा नहीं निकला है। टी20 प्रारूप में, मुकाबला करीबी रहा है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने 11 जीत और सात हार दर्ज की है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी सीरीज अनुभवी ऑलराउंडर निदा डार की बतौर कप्तान पहली सीरीज होगी। निदा 99 वनडे और 130 टी20 मैचों के साथ देश की सबसे अनुभवी खिलाडि़यों में से एक हैं। उन्होंने कहा, यह सत्र दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के साथ शुरू होगा, जो कप्तान के रूप में मेरी पहली श्रृंखला भी होगी। मैं उम्मीद कर रही हूं कि मैं न केवल एकदिवसीय मैचों में शतक पूरा करके इसे अपने लिए यादगार बनाऊं, बल्कि टीम को एकजुट करने में भी मदद करूं।

## फिल्मी सफर

# रणबीर कपूर की एनिमल का प्री–टीजर जारी, एक्शन अवतार में नजर आए अभिनेता



रणबीर कपूर पिछले काफी समय से अपनी फिल्म एनिमल को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। यह साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है, जिसमें रणबीर का एकदम अलग अवतार देखने को मिलेगा। फिल्म से अभिनेता का पहला लुक सामने आने के बाद से ही प्रशंसकों में इसको लेकर उत्सुकता थी। ऐसे में अब संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म का प्री–टीजर जारी हो गया है, जो एक्शन से भरपूर है।

ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने रणबीर की एनिमल का प्री–टीजर ट्विटर पर साझा किया है। प्री–टीजर की शुरुआत चेहरे पर मास्क और हाथ में कुल्हाड़ी लिए लोगों के साथ होती है, जिसके बाद पंजाबी गाना बजता है और रणबीर उनकी ओर आते हुए दिखाई देते हैं। इसके बाद बड़े बाल, दाढ़ी, सफेद कुर्ता और लुंगी पहने अभिनेता जबरदस्त एक्शन करते हुए नजर आते हैं, वहीं पंजाबी गाना इसे और भी शानदार बना रहा है।

एनिमल एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जो कबीर सिंह के बाद संदीप के निर्देशन में बनी उनकी दूसरी हिंदी फिल्म होगी। एनिमल को भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी–सीरीज, मुराद खेतानी की सिने1 स्टूडियो और प्रणय रेड्डी वांगा की भद्रकाली पिक्चर्स के तहत बनाया जा रहा है। इसमें रणबीर के साथ रश्मिका मंदाना नजर आएंगी तो अनिल कपूर, तृप्ती डिमरी और बॉबी देओल भी शामिल हैं। फिल्म 11 अगस्त को हिंदी सहित तेलुगू, तमिल, कन्नड़, मलयालम में रिलीज होगी। एनिमल की कहानी को लेकर अभी निर्माताओं की ओर से ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि फिल्म की कहानी अंडरवर्ल्ड की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी। रणबीर ने फिल्म के बारे में कहा था, यह मेरे लिए एक नया क्षेत्र है। यह क्राइम–ड्रामा और बाप–बेटे की कहानी है। यह कुछ ऐसा है, जिसकी दर्शकों ने मुझसे उम्मीद नहीं की होगी। मेरी किरदार ग्रे शेड है। बॉक्स ऑफिस पर अगस्त के दूसरे हफ्ते में 3 फिल्मों के बीच जबरदस्त भिड़ंत देखने को मिलेगी। एक ओर रणबीर की एनिमल रिलीज होगी तो अक्षय कुमार अपनी ओह माय गॉड 2 उसी दिन लेकर आ रहे हैं, जिसका ऐलान हाल ही में हुआ था। इसके अलावा, सनी देओल की गदर 2 भी 11 अगस्त को ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी। ऐसे में देखना होगा कि कौन सी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपना कमाल दिखाने में सफल रहती है। रणबीर एनिमल के बाद अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र के दूसरे और तीसरे भाग में नजर आएंगे। फिल्म का दूसरा भाग दिसंबर 2026 में रिलीज होगा तो तीसरा भाग दिसंबर 2027 में सिनेमाघरों में दस्तक देगा।

## ऑफ शोल्डर गाउन में रकुल प्रीत का दिखा खूबसूरत अंदाज, हॉट लुक्स ने इंटरनेट पर मचाया हंगामा

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपने बोल्ड और ग्लैमरस लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर के फैंस के बीच धमाल मचा दिया है। बी–टाउन की जानी–मानी एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह इन दिनों अपने अपने स्टाइलिश लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। हाल ही में रकुल प्रीत सिंह ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस की हॉटनेस देखकर यूजर्स का दिल तेजी से धडक़नें लगा है।

# मस्तराम फेम केनिशा अवस्थी के बोल्ड लुक ने बढ़ाया इंटरनेट का पारा, मिनटों में वायरल हुई फोटो



मस्तराम वेब सीरीज में इंटिमेट सीन्स का तडक़ा लगाने वाली एक्ट्रेस केनिशा अवस्थी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो अक्सर इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्ड तस्वीरों के कारण लाइमलाइट में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपने लुक्स फैंस के बीच शेयर करती हैं तो लोगों की आखें खुली की खुली रह जाती हैं। हाल ही में केनिशा अवस्थी ने अपने बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर इंटरनेट का तापमान बढ़ा दिया है। इन तस्वीरों में वो बेहद ही शानदार नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस केनिशा अवस्थी हमेशा अपनी बोल्डनेस और सेक्सी अंदाज के कराण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर अक्सर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस केनिशा अवस्थी की फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही तेजी से वायरल होने लगी हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने व्हाइट कलर की ब्रालेट और डेनिम शॉर्ट्स पहना हुआ है। केनिशा अवस्थी अपने इस लुक में परफेक्ट टोंड बॉडी फ्लॉन्ट करते हुए बेहद ही सेक्सी पोज देती हुई नजर आ रही हैं। अपने बालों को स्टाइलिश लुक में बांध कर और साथ ही मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बताते चले कि एक्ट्रेस केनिशा अवस्थी जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर कॉमेंट्स और लाइक्स करते हैं।

# 2018 बनी 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली पहली मलयालम फिल्म



2018: एवरीवन इज ए हीरो को रिलीज हुए 1 महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन फिल्म का अभी भी शानदार प्रदर्शन जारी है। फिल्म 5 मई को दर्शकों के बीच आई थी और इसे शुरुआत से टिकट खिडक़ी पर भरपूर प्यार मिल रहा है। अब रिलीज के 34वें दिन 2018 ने दुनियाभर में 200 करोड़ रुपये का आंकाड़ पार कर लिया है, जिसके बाद यह मलयालम इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है।

फिल्म के प्रोडक्शन हाउस ने इंस्टाग्राम पर 2018 का पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, दुनियाभर में 200 करोड़ रुपये का बिजनेस करने वाली पहली मलयालम फिल्म। सभी लोगों का शुक्रिया। 12 करोड़ की लागत में बनी फिल्म 2018 का निर्देशन ज्यूड एंथनी जोसेफ ने किया है।

# ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर प्रदर्शित होगी भूमि पेडनेकर और नवाजुद्दीन की अफवाह



नवाजुद्दीन सिद्दीकी और भूमि पेडनेकर स्टारर फिल्म अफवाह ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है। सुधीर मिश्रा द्वारा निर्देशित, राजनीतिक थ्रिलर का उद्देश्य अफवाह फैलाने वालों को कम करना और नकली समाचारों के प्रसार से निपटना है। अफवाह सिनेमाई रूप से समृद्ध है और इसमें एक मनोरंजक कहानी भी शामिल है। फिल्म में राजनीतिक शक्ति, मीडिया का काला पक्ष, भ्रष्टाचार और लोभ जैसे तत्वों को दर्शाया गया है। इन विषयों को निर्देशक सुधीर मिश्रा ने उपदेशात्मक न होते हुए बहुत सूक्ष्म तरीके से आत्मसात किया है। फिल्म में अप्रत्याशित मोड़ और मोड़ निश्चित रूप से दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखेंगे और यह जल्द ही नेटफ्लिक्स पर शुरू होने वाली है। फिल्म में, दर्शकों को शमीर टंडन द्वारा रचित और मामे खान और सुनेत्रा बनर्जी द्वारा गाए गए एक अत्यंत आत्मा–उत्तेजक गीत आज ये बसंत से भी अवगत कराया गया है। यह गाना ट्रेलर के सार को पकडक़र फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाता है। इसमें एक अफवाह का नतीजा बताया गया है जिसमें भूमि पेडनेकर और नवाजुद्दीन सिद्दीकी पूरे शहर के निशाने पर आ जाते हैं। अफरा–तफरी के बीच जीवन–मौत से जूझ रहे हैं। संगीत निर्देशक शमीर टंडन ने कहा, सुधीर ने मुझे इस गीत के लिए इसलिए चुना क्योंकि उन्हें बहुत अधिक गंभीरता और गहराई वाले गीतों की आवश्यकता थी और वे जानते थे कि मैं इसे अच्छी तरह से कर पाऊंगा। मैंने मामे खान से इसे कुछ स्वाद देने के लिए अपनी आवाज देने के लिए कहा। मैंने उनसे पूरी फिल्म में आलाप भी करवाए, इसलिए फिल्म की पृष्ठभूमि विशेष रूप से मंत्रमुग्ध करने वाली है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com